# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

गोरखपुर, मंगलवार 03 दिसम्बर 2024 नगर संस्करण | पृष्ठ :-8 मूल्य :-4 रूपया | वर्ष:- 13, अंक 328





भारत-मलेशिया संयुक्त सैन्य अभ्यास हरिमाऊ... • लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र • अगले ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए...

# ...आखिरकार कब तक आएगी धानापुर बीईओ के भ्रष्टाचार की जांच रिपोर्ट ?

## संशय बरकरार: धानापुर बीईओ के मनमाने रवैये से शिक्षकों में भी बढ़ने लगी है खासी नाराजगी

♦ चंद रुपयों की लालच में खुलेआम भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं बीईओ

प्रभात सिंह

शकुन टाइम्स

**चंदौली।** परिषदीय स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था को बेपटरी कर महज शिक्षकों का शोषण कर रहे धानापुर बीईओ अवधेश नारायण सिंह की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। और शिक्षा विभाग के आला अधिकारी जांच कराने के नाम पर मामले की लीपा पोती करने में लगे हैं। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि मामूली गलतियों पर शिक्षकों को नोटिस थमाकर प्रताड़ित करने वाले बीईओ पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच रिपोर्ट कब तक आएगी ?

जिले के धानापुर बीईओ अवधेश नारायण सिंह के संरक्षण में ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बेवदा के प्रधानाध्यापक अखिलेश सिंह वर्षों से ईंट भट्ठा चला रहे हैं। और उनके स्थान पर रनपुर गांव के किसान गंगा सिंह उनसे कुछ रुपये मानदेय लेकर बच्चों को पढ़ा रहे हैं। यह खेल नया नहीं शुरू हुआ है। यह सब पिछले आठ वर्ष से अनवरत चल रहा है। इस कार्य के लिए उन्हें बीईओ का खुला संरक्षण प्राप्त है। बीएसए के निर्देश पर हुई जांच में भी उक्त प्रधानाध्यापक ड्यूटी से गायब मिले थे। वहीं दूसरी तरफ पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगवां और अमर शहीद हीरा सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंगुतरगढ़ में भी बीईओ के संरक्षण में फर्जीवाडा जमकर फल फूल रहा है।

इसी तरह पूर्व माध्यमिक विद्यालय तोरवा में कार्यरत अनुदेशक ने खुले आम आरोप लगाया कि यहां कई शिक्षक ऐसे हैं जिनके शैक्षणिक अभिलेख फर्जी एवं कूट रचित हैं। उक्त अनुदेशक को जब नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया तो उसने गोपनीय तौर पर बीईओ को फर्जी दस्तावेज पर नौकरी कर रहे कई शिक्षकों के नाम भी बता दिए हैं। लेकिन बीईओ सब कुछ जानकर भी सच्चाई सामने नहीं ला रहे हैं। अलबत्ता वे उन्हीं दागी शिक्षकों, हेडमास्टरों और प्रबंधकों से लेन देन कर मामले को रफा दफा करने कराने में लगे हुए हैं। मजेदार बात यह है कि बीईओ के फर्जीवाड़े और भ्रष्टाचार को बीएसए के स्तर पर भी पर्दा ही डाला जा रहा है। यदि यह सब फर्जीवाड़ा ऐसे ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब शिक्षा विभाग के अधिकारी और कुछ शिक्षक आपस में सांठ गांठ कर पूरे शिक्षक समाज को कटघरे में खड़ा कर देंगे। कुछ शिक्षकों में तो बीईओ की इस कार्यशैली को लेकर गहरी नाराजगी भी है। लेकिन वे अपने साथ फर्जी कार्रवाई के डर से गुस्से का खुलकर इजहार नहीं कर पा रहे हैं। उधर क्षेत्रीय अभिभावकों ने डीएम एवं सांसद, विधायक सहित मुख्यमंत्री का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारियों से इतर हट किसी स्वतंत्र एजेंसी से उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग किया है।




### अपने चारों ड्राइवरों के जरिये वसूली करा रहे हैं बीईओ

**चंदौली।** क्षेत्र में जिन जिन स्कूलों पर फर्जीवाड़े की शिकायत मिली। बीईओ ने सभी की जांच पड़ताल किया। किन्तु कोई कार्रवाई प्रचलित करने के बजाय अपने ड्राइवरों के जरिये आरोपितों से वसूली कराने में मशगूल रहे।

दुर्व्यवस्था का आलम यह है महीनों तक उपस्थिति पंजिका में जिन शिक्षकों के दस्तखत खाली रहे। उनकी फोटो वायरल होने के बाद भी बीईओ ने आरोपी शिक्षकों से लेन देन करके दस्तखत करा दिया। और बिना किसी डर लाज के उनका वेतन निकाल दिया। किंतु जिन्होंने उनकी जेबें गर्म नहीं किया उनके विरुद्ध कार्रवाई कर दिया।

### कई शिक्षकों पर कार्रवाई की संस्तुति कर फाइल गाड़ी में लेकर घूम रहे बीईओ

चंदौली। बीईओ अवधेश नारायण सिंह इन दिनों कुछ शिक्षकों एवं अनुदेशकों को निशाने पर लिए हुए हैं। ऐसे शिक्षकों की संख्या दर्जन भर से ज्यादा है। आरोप है कि उन्होंने इन सभी शिक्षकों के विरुद्ध कोई न कोई मुद्दा दिखाकर कार्रवाई की संस्तुति कर दिया है। किंतु फाइल को बीआरसी में रखने या अफसरों के यहां भेजने के बजाय अपनी गाड़ी में लेकर घूम रहे हैं। उधर इनके साथ अक्सर गलबहियां करने वाले कुछ शिक्षकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ऐसे दर्जन भर से अधिक शिक्षक एवं अनुदेशक हैं जिनके विरुद्ध बीईओ ने कार्रवाई की संस्तुति कर दिया है। किंतु पत्रावली को अपनी गाड़ी में लेकर घूम रहे हैं। वे इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि यदि शिक्षा विभाग के अधिकारी उनके विरुद्ध कोई एक्शन लेते हैं तो वे जाते जाते अपने निशाने पर लिए शिक्षकों और अनुदेशकों के भी विरुद्ध कार्रवाई की रिपोर्ट भेज देंगे।

### बीईओ के भ्रष्टाचार पर बीएसए तो नहीं डाल रहे पर्दा ?

चंदौली। धानापुर के खंड शिक्षा अधिकारी अवधेश नारायण सिंह की कार्यशैली दिनों शिक्षा विभाग में खूब चर्चा बटोर रही है। कुछ माह पहले प्राथमिक विद्यालय भटसा में सहायक शिक्षक राजन मिश्र ने प्रधानाध्यापक रविंद्र सिंह को गर्म कलछुल से सिर पर मारकर उन्हें गंभीर रुप से घायल कर दिया। जिसके बाद घायल रविंद्र सिंह की तहरीर पर खुद बीईओ अवधेश नारायण सिंह की संस्तुति के बाद आरोपित शिक्षक के विरुद्ध पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया। उस वक्त बीईओ और तत्कलीन बीएसए की जांच में आरोपित शिक्षक राजन मिश्र को दोषी भी करार दिया गया। लेकिन चंद रुपयों के चक्कर मे बिन पेंदी के लोटा बने बीईओ अवधेश नारायण सिंह ने दोबारा राजन मिश्र के पक्ष में भी रिपोर्ट भेजकर पीड़ित एवं घायल प्रधनाध्यापक रविंद्र सिंह के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज कराने में महती भूमिका निभाई। उस मामले में भी बीईओ की भूमिका को लेकर सवाल उठे। दबी जुबान ही सही, कई शिक्षकों ने भी इस मामले को लेकर बीईओ की कार्य शैली को कटघरे में खड़ा किया। किन्तु अब ऐसा लग रहा है कि खुद बीएसए भी उनके भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के बजाय पर्दा ही डाल रहे हैं।

### जांच कर दोषियों पर जल्द करें कार्रवाई: गोविंद उपाध्याय

चंदौली। धानापुर विकास मंच के संयोजक गोविंद उपाध्याय ने शिक्षा विभाग में व्याप्त दुर्व्यवस्था के बाद भी अफसरों की उदासीनता पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि धानापुर बीईओ अवधेश नारायण सिंह के ऊपर लग रहे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर सक्षम अधिकारी सच्चाई को सामने लाएं। जांच में यदि बीईओ दोषी हैं तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। अन्यथा अब और बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। श्री उपाध्याय ने चेतवानी दिया है कि यदि शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों का रवैया आगे भी ऐसा ही बना रहा तो यहां उपज रहे जन आक्रोश को वे झेल नहीं पाएंगे। इस लिए आवश्यक है कि वे समय रहते इस मामले का शीघ्रातिशीघ्र पटाक्षेप करें।

# अवध ओझा ने थामा आप का हाथ

## आप में शामिल होते ही अवध ओझा ने दिया बयान, शिक्षा शेरनी का दूध है जो पीएगा वो दहाड़ेगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल होने के बाद अवध ओझा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निशाने पर आ गए हैं। भाजपा ने कई ऐसे पुराने वीडियो क्लिप के साथ घेराबंदी शुरू कर दी है कि जिनमें वह अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी पर सवाल उठाते दिख रहे हैं।

उधर, आम आदमी पार्टी के नेता उन क्लिप्स को शेयर कर रहे हैं जिनमें वह केजरीवाल की तारीफ करते सुने जा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग देने वाले और मोटिवेशनल स्पीकर अवध ओझा ने सोमवार को आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की मौजूदगी में राजनीति में एंट्री लेने वाले अवध ओझा ने शिक्षा पर दिल्ली सरकार के कामकाज की तारीफ की और कहा कि उनका भी उद्देश्य शिक्षा के लिए काम करना ही है। ओझा ने दिल्ली में सरकारी स्कूलों के रिजल्ट और आईआईटी में प्रवेश पाने वालों की संख्या का जिक्र करते हुए कहा कि शिक्षा वह शेरनी है, जो इसका दूध पिएगा वह दहाड़ेगा। यह तय माना जा रहा है कि अवध ओझा दिल्ली में विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। चर्चा है कि पार्टी उन्हें मनीष सिसोदिया की सीट पटपड़गंज से उतार सकती है। इस बीच भाजपा और इसके नेताओं ने कई पुराने वीडियो क्लिप्स को शेयर करना शुरू कर दिया, जिनमें ओझा केजरीवाल पर सवाल उठाते दिख रहे हैं। दिल्ली भाजपा ने एक पुराना वीडियो शेयर किया जिसमें अवध ओझा यह कहते हुए सुने जा सकते हैं कि, इनके जैसे लोग आएंगे राजनीति में और जनता अगर जागरूक है, दारू बंटवाई तो रहे ना जेल में।




### एसआई ने गोली मारकर की आत्महत्या

**मुलुगु।** तेलंगाना के मुलुगु जिले के एक रिसॉर्ट में सोमवार को एक पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि वाजेडू थाने में कार्यरत पुलिस उपनिरीक्षक हरीश रविवार को एतुरूनगरम मंडल स्थित मुलकट्टा के एक रिसॉर्ट में गये थे, लेकिन वह वापस नहीं लौटे और न ही कॉल का जवाब दिया। उसकी अनुपस्थिति से चिंतित सहकर्मी आज सुबह रिसॉर्ट पहुंचे और हरीश के कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। पुलिस टीम ने जबरदस्ती दरवाजा खोला, तो हरीश बेहोशी की हालत में मिला। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि एसआई ने व्यक्तिगत और पारिवारिक मुद्दों के कारण आत्महत्या की।

# यूपी में पर्यटन उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

## पर्यटन को बढ़ावा देने को राजस्थान, गुजरात मॉडल पर काम शुरू

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एक नया कदम उठाया है। पर्यटन विभाग ने राजस्थान और गुजरात के मॉडल पर काम करते हुए प्रदेश में हेरीटेज पर्यटन को बढ़ावा देने की तैयारी शुरू कर दी है। इस सिलसिले में सात दिसंबर को ताज होटल, लखनऊ में एक कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजघरानों के प्रतिनिधि, होटलों के संचालक, निवेशक और सलाहकार भाग लेंगे। इस कॉन्क्लेव में 60 से अधिक राजघरानों के प्रतिनिधियों के अलावा देशभर से करीब 250 प्रमुख होटल संचालक, रियल एस्टेट व्यवसायी और अन्य निवेशक शामिल होंगे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश हाल के वर्षों में पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य बनकर उभरा है। 2023 में यहां 48 करोड़ से अधिक पर्यटक आए थे। प्रदेश सरकार अब हेरीटेज पर्यटन को प्राथमिकता दे रही है, ताकि यहां के ऐतिहासिक किलों, महलों और कोठियों को पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनाया जा सके। प्रदेश में बड़ी संख्या में किले, महल और कोठियां हैं, जिन्हें उनके वास्तविक स्वरूप और वास्तुकला को बरकरार रखते हुए उपयोगी बना कर पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है। जयवीर सिंह ने कहा कि इन किलों और महलों को हेरिटेज होटल, वेडिंग डेस्टिनेशन, वेलनेस सेंटर, रिजॉर्ट और सांस्कृतिक केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। इस दिशा में कदम उठाते हुए, पर्यटन विभाग ने हाल ही में मिर्जापुर स्थित चुनार किला, झांसी स्थित बरुआसागर किला, लखनऊ स्थित छतर मंजिल और रोशन-उद-दौला, मथुरा स्थित बरसाना महल और कानपुर देहात स्थित शुक्ल तालाब को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) पर निजी कंपनियों को सौंपा है। इस कॉन्क्लेव के आयोजन से पर्यटन विभाग को उम्मीद है कि राजघरानों के प्रतिनिधियों और उद्योग के विशेषज्ञों के साथ सीधा संवाद होने से प्रदेश में पर्यटन उद्योग को लेकर सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।






# 15 से 29 वर्ष के छात्र-छात्राओं ने दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

शकुन टाइम्स संवाददाता




**जमानिया।** स्थानीय हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित नेशनल यूथ फेस्टिवल के अंतर्गत माय भारत इनिशिएटिव के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 25 नवंबर से माय भारत पोर्टल पर शुरू हुआ है। कार्यक्रम के पहले चरण में विकसित भारत प्रश्नोत्तरी (डिजिटल क्विज) का आयोजन किया जा रहा है, जो 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक चलेगा। इसमें 15 से 29 वर्ष के युवा भाग ले सकते हैं। प्रश्नोत्तरी में प्रतिभागियों के ज्ञान और भारत की उपलब्धियों के प्रति उनकी समझ का मूल्यांकन किया जाएगा।

दूसरे चरण में, पहले चरण के विजेताओं को निबंध और ब्लॉक लेखन प्रतियोगिता में भाग लेना होगा। यह प्रतियोगिता लगभग 10 विषयों पर केंद्रित होगी, जैसे विकसित भारत के लिए तकनीक और युवाओं का सशक्तिकरण। इसमें प्रतिभागी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे, जो राष्ट्रीय विकास के प्रति उनकी सोच को प्रदर्शित करेगा। संयोजक प्रो. शास्त्री ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं विस्तृत जानकारी के लिए विज्ञान संकाय के प्रो. अरुण कुमार, कला संकाय के डॉ. संजय कुमार सिंह या हिंदी विभाग के डॉ. अभिषेक तिवारी से संपर्क कर सकते हैं।महाविद्यालय के स्नातक कला, विज्ञान तथा परास्नातक के छात्र-छात्राएं इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इस जानकारी को महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी और सहायक आचार्य डॉ. अभिषेक तिवारी ने विज्ञप्ति के माध्यम से साझा किया। विजेताओं को पुरस्कार दिया जायेगा प्रथम पुरस्कार-1,00,000 द्वितीय पुरस्कार- 75,000 तृतीय पुरस्कार- 50,000 200 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार।

# आंगनबाड़ी केंद्र के कायाकल्प एवम् सत्यापन पर जोर- सीडीओ




शकुन टाइम्स संवाददाता

**महाराजगंज।** जिला पोषण समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन के द्वारा किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को पोषण ट्रैकर के सभी इंडिकेटर( वजन लंबाई की फीडिंग,होम विजिट,लाभार्थी के मोबाइल नंबर को वेरिफाई) की फीडिंग हेतु शत प्रतिशत पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया।

साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र के कायाकल्प,नव निर्मित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण एवं सत्यापन प्रति सप्ताह रिपोर्ट जिला कार्यक्रम अधिकारी को प्रस्तुत करें। सैम मैम बच्चों का हृष्ट में भर्ती कराएं तथा उन बच्चों के यहां समय समय पर गृह भ्रमण करें। बाल विकास परियोजना अधिकारी परतावल, फरेंदा और घुघली को पोषण ट्रैकर पर फीडिंग सही नहीं पाए जाने पर नोटिस जारी करने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीकांत शुक्ल, परियोजना निदेशक राम दरश चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी सुश्री श्रेया मिश्रा, समस्त सीडीपीओ/प्रभारी उपस्थित रहें।

# और जब दूल्हे मियां पहुंचे हवालात तो बैरंग लौट गई बारात

- शादी का सेहरा पहन कर मंडप में बैठे दूल्हे को कोतवाली उठा ले गई पुलिस
- दूसरी शादी करने के लिए बारात लेकर मैरेज हाल पहुंचा था युवक, पत्नी ने किया धुनाई
- खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र स्थित स्थानीय शहर का है मामला



शकुन टाइम्स संवाददाता

**खलीलाबाद।** शहर कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक मैरेज हाल में सोमवार को एक हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। दूसरी शादी का अरमान सजा कर सेहरा बांधे दूल्हे मियां की पहले तो उनकी पहली पत्नी ने धुनाई किया बाद में पहुंची कोतवाली पुलिस उन्हें हवालात लेकर पहुंच गई। मामला कुछ यूं बताया जा रहा है कि शादी की शनाइयों के बीच सजे मैरेज हाल में एक पत्नी के रहते हुए युवक का दूसरी शादी करना महंगा पड़ गया। युवक के दूसरी शादी करने की जानकारी होने पर पहली पत्नी शादी के मंडप में पहुंच गई और जमकर हंगामा किया।

इस दौरान शादी को लेकर हुए विवाद में बराती और घराती पक्ष भी आपस मे भिड़ गए और मारपीट हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो पहली पत्नी ने भी दूल्हे मियां पर जमकर हाथ साफ किया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस दूल्हे को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। पूरा मामला कोतवाली क्षेत्र के मोतीनगर मुहल्ले का है। बताया जाता है कि महुली थाना क्षेत्र के अम्मादेई गांव निवासी युवक की शादी वर्ष 2019 में धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की से हुआ था। किन्ही कारणों से पति पत्नी के संबंध खराब हुए तो मामला न्यायालय तक पहुंच गया। तलाक का मामला अभी न्यायालय में लंबित ही था कि लड़के ने अपने परिवार वालों की मदद से खलीलाबाद शहर निवासी दूसरी लड़की के परिवार वालों से तलाक होने की झूठी बात कह कर शादी तय कर दिया। सोमवार को बारात भी अपने तय समय पर शहर स्थित एक मैरेज हाल में पहुंच गई। शादी की शहनाइयों के बीच जब निकाह की तैयारियां अंतिम पायदान पर थी तो उसी समय दूल्हे मियां की पहली पत्नी ने मैरेज हाल पहुंच कर हंगामा खड़ा करते हुए बिना न्यायालय का निर्णय आए शादी नही करने देने की जिद पर अड़ गई। इधर शादी के मंडप में बैठी दुल्हन के परिजनों को जब पहली पत्नी से तलाक का मामला लंबित होने की जानकारी मिली तो वे भी आग बबूला हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो घराती बाराती पक्ष भी आपस में भिड गए। मौका मिलते ही पहली पत्नी ने भी दूल्हे मियां पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस विवाद को शांत कराया और दूल्हे मियां को थाने उठा लाई। मायूस बाराती भी बिना निकाह के वापस घर लौट गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# विधायक ने विज्ञान, गणित और अंग्रेजी का पाठ पढ़ाया



शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर।** कैंपियरगंज के विधायक फतेह बहादुर सिंह ने सोमवार को प्राथमिक विद्यालय पचगांवा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से कई प्रश्न पूछे और उनके उत्तरों से संतुष्ट दिखे। विधायक ने बच्चों को रोशनी के महत्व के बारे में बताया और कहा कि रोशनी में पढ़ने से आंखें स्वस्थ रहती हैं। विधायक ने संबंधित प्रधानाचार्य को शिक्षण कक्ष में विद्युत बल्ब लगाने के लिए भी निर्देशित किया। इसके अलावा, विधायक ने विज्ञान, गणित और अंग्रेजी का पाठ भी बच्चों को संक्षेप में समझाया। उन्होंने बच्चों को इन विषयों में रुचि लेने और अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद इन्होंने मिड डे मील की गुणवत्ता को जांचा। विधायक ने स्कूल के पुराने भवनों की गुणवत्ता को भी देखा और मरम्मत करने का निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में शिक्षा देने के लिए स्कूल के भवनों की मरम्मत करना आवश्यक है। इस दौरान पीआरओ रंजित सिंह पिंटू, पीआरओ राजेश सिंह, दिनेश सिंह, दिलीप यादव, दुर्गेश पॉल, अश्वनी मिश्रा मौजूद रहे।

# विशाल धम्म चारिका पद यात्रा पहुँचा फरेंदा

शकुन टाइम्स संवाददाता



**आनन्दनगर /महराजगंज।** बौद्ध भिक्षुओं का स्थानीय जनप्रतिनिधियों व उनके अनुयायियों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। सोमवार को दक्षिणी बाइपास पर विशाल धम्म लर्निंग सेंटर सारनाथ के अध्यक्ष पूज्य भंते चन्द्रिमा थेरो व सैकड़ो की संख्या में पहुंचे, बौद्ध भिक्षु संघ का जगह-जगह स्वागत किया गया। इसके बाद अम्बेडकर तिराहा पर बौद्ध भिक्षुओं ने बाबा भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

पदयात्रा सारनाथ से लेकर देवधर होते हुए कुशीनगर तक की धम्म चारिका को जा रही है। इसी कड़ी में धम्म चारिका पदयात्रा फरेंदा, दक्षिणी बाइपास, बाजरडीह,भैया फरेंदा, भगवत नगर परसिया व अन्य जगहों पर उत्तमा नन्द के नेतृत्व में तमाम लोगों ने फूल की बारिश कर वृहद रूप से स्वागत किया। यह पदयात्रा शाम होते -होते (बढ़या) में स्थित भानमती पब्लिक स्कूल पर पहुंचा जहां बौद्ध भिक्षुओं ने रात्रि विश्राम किया और सुबह होते ही लोग बनरसिहा देवदह के लिए रवाना हो गए। कार्यक्रम में मिशन गायक रविराज बौद्ध एवं प्रीति बौद्ध के द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं तथागत गौतम बुद्ध के जीवन पर गीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख फरेंदा रामप्रकाश सिंह,कांग्रेस विधायक विरेन्द्र चौधरी,सपा नेता डॉ राजेश यादव व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश जायसवाल, पूर्व विधायक, संजय राव,भीमसेन गौतम,अमरीश लल्लन कन्हैया,प्रिंस, सोनू कन्नौजिया, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि साधु शरन,राजेश मौर्या, अरविंद मौर्य सहित तमाम लोगों ने पदयात्रा में शामिल होकर स्वागत किया।

## पीड़ित के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**ज़मानियाँ।** पीड़ित ने कोतवाली में घटना की सूचना दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। तहरीर के अनुसार महुआरी गांव निवासी चन्दन यादव बारात में शामिल होने के लिए मनझरिया गांव जा रहे थे। मतसा गाँव के पास से रात 10 बजे गुजर रहे थे, तभी वहां शराब पी रहे कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन लोगों ने चंदन को मारपीट कर घायल कर दिया और उनके गले से सोने की चेन छीन ली। चन्दन ने तहरीर में रमाकांत यादव, अखिलेश यादव, नितेश यादव सहित चार अज्ञात लोगों पर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

# विद्युत चोरी के खिलाफ करे सख्त कार्रवाई, स्मार्ट मीटर पर जोर- डीएम

शकुन टाइम्स संवाददाता



**महाराजगंज।** डीएम अनुनय झा ने कार्यालय में विद्युत विभाग के विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान सभी खंडों में लाइन लॉस और एटीएनसी लॉस को कम करने का निर्देश दिया। खराब मीटरों को अभियान चलाकर प्रतिस्थापित करने के लिए कहा।

विद्युत चोरी के उन प्रकरणों में जिनमे विभाग को राजस्व की बड़ी क्षति हो रही है, में कड़ी कार्यवाही का निर्देश दिया। बड़े बकायेदारों के विरुद्ध आर.सी. जारी करवाने के लिए भी कहा। जिलाधिकारी ने स्मार्ट मीटर लगाने की कार्यवाही को भी तेज करने निर्देश दिया। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का निर्देश दिया। साथ ही नेवर पेड बिल के संदर्भ प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने डिफेक्टिव बिलिंग सही करने में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर अधिशासी अभियंता नौतनवा, निचलौल और आनंदनगर, जबकि असिस्टेड बिलिंग में लक्ष्य को प्राप्त न करने पर अधिशासी अभियंता महराजगंज को स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाएं और विद्युत उपभोक्ताओं के शिकायतों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर करें।

बैठक में अधीक्षण अभियंता वाई.पी. सिंह, सभी एक्स.ई.एन/एसडीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिए सदैव तत्पर- विधायक

शकुन टाइम्स संवाददाता

**पीपीगंज/गोरखपुर।** पीपीगंज मंडल के फरदहनी शक्ति केंद्र के बूथ अध्यक्षों के सम्मान कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कैंपियरगंज के विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री फतेह बहादुर सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता ही उसके आधार स्तंभ हैं कार्यकर्ताओं के मान सम्मान व विकास कार्यों के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा . कार्यक्रम में फतेह बहादुर सिंह ने फरदहनी शक्ति केन्द्र के सभी नवनियुक्त बूथ अध्यक्षों एडवोकेट नरसिंह नारायण मिश्रा,श्यामधर द्विवेदी, ओमप्रकाश शर्मा, परमहंस प्रसाद, शक्ति केंद्र संयोजक बृजेश मणि त्रिपाठी, शिव शंकर यादव, युगुल किशोर चौधरी, अमित मिश्र का माल्यार्पण कर सम्मान भी किया. मंडल अध्यक्ष राकेश चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ता तन मन धन से लगकर भारतीय जनता पार्टी को एक सशक्त पार्टी के रूप में स्थापित किये हैं. साथ ही बूथ समितियों के चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके सम्पन्न हो रहा हैं. कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से कैंपियरगंज ब्लाक प्रमुख अश्वनी जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह,ग्राम प्रधान राकेश मणि त्रिपाठी, कोटेदार राघवेन्द्र मणि,महामंत्री दिलीप पांडेय, अजीत सिंह, वेद प्रकाश दुबे, श्रीकेश मणि त्रिपाठी, श्याम बिहारी सिंह,अल्हा चौरसिया, दिलीप यादव, बलवंत यादव,क्षेत्र पंचायत सदस्य जेठु प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहें।

# गोद लिए गए विद्यालयों में हो रही है बेहतर सुविधाएं- डीएम

शकुन टाइम्स संवाददाता

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने मीडिया के साथ वार्ता की दौरान बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मा. मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की प्राथमिकताओं के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा माह अगस्त में एक बेहतरीन पहल करते हुए जनपद के 52 विद्यालयों को 52 अधिकारियों को गोद देकर उनके कायाकल्प हेतु निर्देशित किया गया। सभी अधिकारियों को साल के अंत तक विद्यालयों के कायाकल्प का निर्देश दिया गया था। समस्त 52 विद्यालयों को विभागीय प्रावधानों सहित जनसहयोग के माध्यम से न सिर्फ ऑपरेशन कायाकल्प के सभी 19 पैरामीटर पर संतृप्त किया गया, बल्कि अधिकारियों ने अपने-अपने स्तर पर नवाचार करते हुए विद्यालयों में पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास रूम, ओपन क्लास रूम, एस्ट्रोनॉमी रूम, सीसीटीवी कैमरा, किचन शेड, बुक बैंक जैसी सुविधाएं विद्यालयों में उपलब्ध कराई गई हैं। सभी विद्यालयों दीवारों पर बाला पेंटिंग कराई गई है, ताकि बच्चों को रचनात्मक ढंग से सिखाया जा सके। विद्यालयों में मल्टीपल हैंडवाश, बैठने के लिए बेंच, झूला आदि भी लगवाया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों ने अपने निर्देशन में कार्यों को पूर्ण कराया। साथ ही विकास खंडों में स्थित विद्यालयों का पर्यवेक्षण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जबकि नगरीय निकायों में स्थित विद्यालयों का पर्यवेक्षण अपर जिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया गया। जिलाधिकारी ने सभी 52 अधिकारियों, ग्राम प्रधानों और सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब जिला प्रशासन इस कायाकल्प अभियान के तहत विद्यालयों के मानव संसाधन को मजबूत करने और बच्चों की अधिगम कौशल (सीखने की क्षमता) को बेहतर करने के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आशा है ये 52 विद्यालय जनपद के अन्य विद्यालयों के लिए एक आदर्श बनेंगे और पूरे जनपद के परिषदीय विद्यालयों के शैक्षणिक वातावरण में एक अमूल-चूल परिवर्तन परिलक्षित होगा।

# एड्स छुआ-छूत की बीमारी नहीं: प्रो0 शैल पांडे

शकुन टाइम्स संवाददाता




**गोरखपुर।** कल दिनांक 02/12/2024, दिन सोमवार को डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना, दयानंद इकाई एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में एवं प्राचार्य प्रोफेसर शैल पांडे के नेतृत्व में विश्व एड्स दिवस पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सदर अस्पताल, गोरखपुर से जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें स्वयंसेवकों एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा सदर अस्पताल से प्रशासनिक भवन, गोलघर चौराहा से होते हुए घोष कंपनी से आकर सदर अस्पताल, गोरखपुर तक रैली का आयोजन किया गया।

स्वयंसेवकों ने हम सबका है एक ही नारा, एड्स मुक्त हो देश हमारा जैसे नारे लगाए। इस रैली में टाउन हॉल के पास नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। सदर अस्पताल से वापस जागरूकता रैली डी.ए.वी.पी.जी.कॉलेज, गोरखपुर पहुंच कर समाप्त की गई। महाविद्यालय में इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा गुप्ता द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ता के रूप में इतिहास विभाग के डॉ0 संजय कुमार मिश्रा ने स्वयं सेवकों को इस लाइलाज बीमारी से बचने के विभिन्न तरीकों पर प्रकाश डाला। उन्होनें बताया कि बचाव ही इस बीमारी का मुख्य इलाज है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. शैल पांडे ने अपने वक्तव्य में कहा कि एड्स छुआछूत की बीमारी नहीं है। हमें अपने नैतिक आचरण द्वारा इस बीमारी को भारत वर्ष से समाप्त करना है। स्वयंसेवक अनूप कुमार ने कविता के माध्यम से सभी को एड्स बीमारी के बारे में जागरूक किया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों एवं स्वयं सेविकाओं ने पोस्टर प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग किया जिसमें एड्स बीमारी,उसके कारण एवं बचाव से संबंधित चित्रों को पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर डॉ0 रागिनी दीक्षित एवं डॉ0 मनोज कुमार श्रीवास्तव, शिक्षक सहित रूपा मद्धेशिया, मरियम, सुनिधि, अमन, नीतू, करुणेश इत्यादि अनेक स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री का वादा हुआ साकार, रोली अब सुन और बोल सकेगी

## राजदीप ई0एन0टी0 अस्पताल गोरखपुर में किया गया कॉक्लियर इम्प्लांट

शकुन टाइम्स संवाददाता



**महाराजगंज।** जनपद के कोल्हुई निवासी राजू कसौधन के परिवार में उस समय खुशी की लहर दौड़ गयी जब गोरखपुर में चिकित्सकों ने उन्हें बताया कि उनकी बच्ची रोली का कॉक्लियर इम्प्लांट ऑपरेशन सफल रहा और रोली सुन सकेगी। राजू कसौधन और प्रीति कसौधन के घर 03-03-2021 को बेटी का जन्म हुआ। लेकिन जन्म के एक साल बाद माता-पिता को एहसास हुआ कि उनकी बच्ची रोली सुन और बोल नहीं पा रही है। इसके बाद राजू और प्रीति कई विशेषज्ञ डॉक्टरों से मिले। डॉक्टरों से पति-पत्नि को ईलाज का पता भी चला। इलाज था बच्ची का कॉक्लियर इम्प्लांट। लेकिन ईलाज महंगा था और इसका खर्च डॉक्टरों ने यूनतम 06 लाख रूपये बताया। मुम्बई में ड्राइवर की नौकरी करने वाले राजू कसौधन के लिए राशि बहुत बड़ी थी। राजू कसौधन ने बताया कि ईलाज की राशि को जानकर कहीं न कहीं मन निराश हो गया। लेकिन इसी दौरान दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कॉक्लियर इम्प्लांट योजना की जानकारी हुयी, जिसमें बच्ची का नि:शुल्क ईलाज संभव था। हमने विभाग से पता किया और जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के निर्देशानुसार योजना के अंतर्गत आवेदन किया।

25 अक्टूबर, 2024 को जनपद आगमन के दौरान मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा रोली के कॉक्लियर इम्प्लांट को स्वीकृति देते हुए, उससे वादा किया था कि वह जल्द ही सुन और बोल सकेगी। राजू कसौधन ने बच्ची का ईलाज मुफ्त होने पर मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0, जिला प्रशासन और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस योजना के कारण न कि सिर्फ मेरी बच्ची के चेहरे पर मुस्कान आयी है, बल्कि पूरा परिवार बेहद खुश है और यह सब मा0 मुख्यमंत्री जी के वादे के कारण संभव हुआ है। जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कॉक्लियर इम्प्लांट योजना के तहत लाभार्थी का ऑपरेशन होता है, जिसका खर्च न्यूनतम 06 लाख रूपये है। खर्च का शत-प्रतिशत भुगतान विभाग द्वारा अंगीकृत चिकित्सालय को किया जाता है। सर्जरी के बाद जन्म से श्रवण बाधित बच्चों के सुनने की क्षमता लौट आती है। रोली की सर्जरी विभागीय निगरानी में राजदीप ई0एन0टी0 अस्पताल गोरखपुर में करवाया गया, सर्जरी सफल रही है, और आगामी दो वर्षों तक बच्ची की नि:शुल्क स्पीच थेरेपी भी विभाग द्वारा करायी जायेगी। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शांत प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद के 05 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे जो बोल और सुन नहीं सकते हैं, उनके अभिभावक इस योजना का लाभ लेने के संपर्क करें।

## पास्को एक्ट व एससी/एसटी से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार

**वाराणसी।** थाना रोहनिया पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने,उसका वीडियो/फोटो वायरल करने की धमकी देने व एस0सी0/एस0टी0 एक्ट के मुकदमे मे वांछित अभियुक्त शनि पुत्र राजेन्द्र राजभर निवासी ग्राम गोविन्दपुर थाना रोहनिया को भदवर मोड़ थाना रोहनिया वाराणसी से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस उ0नि0 धर्मचन्द्र,उ0नि0 श्याम नारायण यादव,हे0का0 सन्तोष कुमार यादव,का0 अजय गुप्ता टीम रही।

# व्यापारी मुआवजे की मांग को लेकर अड़ें, दिया धरना

## उनका कहना सहमति बगैर नही टूटेगा दुकान और मकान

शकुन टाइम्स संवाददाता

**सकलडीहा/चंदौली।** मुआवजे की मांग को लेकर व्यापारियो ने सकलडीहा मुख्य चौराहे पर सोमवार को धरना दिया। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की। करीब तीन घंटे बाद मौके पर पहुचे एक्सईएन राजेश कुमार के आश्वासन पर व्यापारियो ने अपनी बात रखकर धरना निरस्त किया। एक्सईएन ने तीन दिन में मामले का पटाक्षेप करने का आश्वासन दिया है। व्यापारियो ने कहा कि चन्दौली, सैदपुर मार्ग का चौड़ीकरण हो रहा है। लेकिन चौड़ीकरण के दौरान दोनों तरफ कितनी जमीन अधिग्रहण की जानी है। इसकी सही जानकारी अभी तक किसी भू-स्वामी को नही हुई। और न ही विभाग ने आज तक बताया है।



वही मौके पर जब एक्सईएन से जमीन अधिग्रहण की जानकारी ली गई तो वह भी नहीं बता पाए।इस पर व्यापारियो का कहना था कि कही 38 फुट तो कही 40 फुट लेकर निर्माण किया जा रहा है। इस अधिग्रहण से प्रभावित लोगों को अभी तक एक फूटी कौड़ी नही मिली। व्यापारी इससे चिंतित है।वह रात में शो भी नहीं पा रहे। व्यापारियो ने कहा कि जब तक मुआवजा नही मिल जाता तब तक सकलडीहा बाजार में काम नही होगा। मुआवजा मिलने के बाद एक महीने का समय दिया जाय ताकि व्यापारी अपना प्रतिष्ठान स्थापित कर ले। इस पर एक्सईएन ने तीन दिन का समय लिया। कहा कि किसी के साथ कोई ज्यादती नही होगी। जब तक मुआवजा की बात स्पष्ट नही हो जाती तब तक कस्बा में सड़क चौड़ीकरण का कार्य नही होगा। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव देवेंद्र प्रताप सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा सोनी, दिलीप गुप्ता, राजू, सूरज सिंह, शुभम सिंह, नंदन आदि व्यापारी रहे।

## अंग्रेजी शराब की तस्करी करने वाला युवक गिरफ्तार

### 900 पेटी अंग्रेजी शराब रखी ट्रक बरामद



शकुन टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** थाना लंका पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन का सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए डाफी टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों की चेकिंग के दौरान डाफी टोल प्लाजा के पास बिहार की तरफ जाने वाले मार्ग की दांयी तरफ से एक संदिग्ध ट्रक के वाहन चालक से पूछताछ एवं निशांदेही के आधार पर ट्रक नं0 आरजे 09 जीसी 1631 में से स्कीम के तहत फल की बिल्टी पर ले जाये जा रहे 900 पेटी अंग्रेजी शराब जो पानीपत हरियाणा से बिहार ले जाया जा रहा था,को बरामद कर चालक अर्जीराम पुत्र लुम्बाराम निवासी अतीतला थाना बाड़मेर जिला बाड़मेर राजस्थान को हिरासत पुलिस में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को पुलिस उपायुक्त काशी जोन द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने हेतु 25,000 रूपये के इनाम से पुरस्कृत किया गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त मिश्र थाना लंका,उ0नि0 धर्मेन्द्र राजपूत,हे0का0 नीरज राय,हे0का0 राजेश सिंह,हे0का0 दिलीप सिंह,का0 चन्द्रशेखर मिश्रा,का0 चन्दन सिंह,का0 हृदय कुमार,,का0 कमल सिंह यादव टीम रही।

## अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी, एसडीएम से वार्ता करने पर नहीं निकला समुचित समाधान

शकुन टाइम्स संवाददाता

**बाराबंकी।** अधिवक्ताओं की चल रही कलमबंद हड़ताल दसवें दिन भी जारी रही। एसडीएम से चली एक घंटे की वार्ता में कोई समुचित समाधान नहीं निकला। जिस पर अधिवक्ताओं ने बुधवार तक हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया। उसके बाद भी यदि कोई समाधान नहीं हुआ तो आगे की रणनीति तय करने की बात कही। सोमवार को तहसील परिसर व उपनिबन्धक कार्यालय में अधिवक्ता धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी कर रहे थे।

इस दौरान एसडीएम के तहसील पहुंचते ही धरना स्थल पर बैठे अधिवक्ताओं ने एसडीएम से वार्ता करने का निर्णय लिया। बार अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम की अगुवाई में एसडीएम से वार्ता करने पहुंचे अधिवक्ताओं ने अपनी मांग रखते हुए



कहा कि उपनिबन्धक कार्यालय स्थानान्तरित न किया जाये। क्योंकि पुरानी तहसील परिसर व पुराने उपनिबन्धक कार्यालय में जगह पर्याप्त है। जहां पर सुरक्षा के दृष्टिगत नवीन उपनिबन्धक कार्यालय का निर्माण कराया जा सकता है।एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा, सब रजिस्ट्रार अवधेश कुमार मिश्र ने अधिवक्ताओं की वार्ता पर विचार विमर्श करके बताया कि आप लोगो की मांगे उच्चाधिकारियों के सामने रखी जायेंगी। उनके आदेश के मुताबिक ही कार्य किया जायेगा। जिस पर बार अध्यक्ष ने बुधवार तक का समय दिया। उन्होने कहा कि यदि समुचित निर्णय नहीं निकलता है तो आगे की रणनीति तय की जायेगी। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमचन्द्र पाल, राजीव नयन तिवारी, महामंत्री संजय कुमार सिंह नम्बरदार, हरिनाम सिंह वर्मा, विष्णु मौर्या, यादव, नफीस अहमद और ज्ञानू सिंह सहित समस्त अधिवक्ता मौजूद थे

## अनियंत्रित ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली में मारी टक्कर, एक की मौत

शकुन टाइम्स संवाददाता

**बाराबंकी।** तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उस पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि चालक समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए भेजा है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्राम लोहारन पुरवा मजरे जुरौंडा निवासी चालक अखिलेश के साथ जितेंद्र कुमार व उनके भाई सर्वेश ट्रैक्टर ट्राली पर धान लादकर बिक्री करने गए थे। रविवार की रात वापस आते समय जब लखनऊ गोंडा मुख्य हाइवे मार्ग पर थाना रामनगर के ग्राम सुरवारी के निकट पहुंचे, उसी वक्त एक तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की ट्रैक्टर ट्रॉली हाईवे पर ही पलट गई। हादसे में चालक समेत दोनों सगे भाई जितेंद्र व सर्वेश गंभीर रूप से घायल हो गए और ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए।



सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं चालक अखिलेश व सर्वेश का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है।

## चाइनीज़ मंझे में फसा बेज़ुबान, लोगो ने बचाई जान

बजरंग बली तिवारी संवाददाता

**वाराणसी।** चाइनीज मंझे के चलते एक बेजुबान की जान यातायात विभाग के सिपाहियों व स्थानीय लोगों की तत्परता से बचाई गई। वाराणसी के थाना लालपुर - पांडेयपुर अंतर्गत पांडेयपुर चौराहे पर पतंग के मांझे के चलते उड़ रहा कबूतर उसमें फंस गया।

मांझे से खुद को छुड़ाने की कोशिश में वह तड़पने लगा।

इस बीच मौके पर मौजूद यातायात विभाग में तैनात रामसूरत यादव,अमित कुमार त्रिपाठी की नजर पड़ी लेकिन वहा तक पहुंच पाना कठिन था।

इस बीच एक स्कूल बस आ गई, सिपाही ने बस को रोकवा दी और स्कूल बस की छत पर एक युवक को




भेज कर मांझे में फंसे कबूतर को आजाद करवाया।

## संक्षिप्त सामाचार

### दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**वाराणसी।** सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना चौबेपुर पुलिस ने दुष्कर्म व पास्को एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त राज सोनकर पुत्र अमरदेव सोनकर निवासी ग्राम बनकट थाना चौबेपुर को ग्राम बनकट थाना चौबेपुर से गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस ए0सी0पी0 विजय प्रताप सिंह थाना प्रभारी थाना चौबेपुर,अ0प्र0नि0 जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर,हे0का0 कृष्णानंद पाण्डेय,हो0गा0 एसीसी राजकुमार दुबे टीम रही।

### नाबालिक के भगाने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**वाराणसी।** थाना मिर्जामुराद पुलिस ने धारा 137(2) बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त रौनक अहमद पुत्र मुमताज निवासी ग्राम रसूलपुर थाना बड़ागाँव को मुखबिर की सूचना पर के ग्राम रूपापुर पुल के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस उ0नि0 रोहित दूबे थाना मिर्जामुराद,म 0उ0 नि0 अनुजा गोस्वामी,का0 अजय कुमार,का0 कैलाश कुमार टीम रही।

### देशी तमन्चा व जिन्दा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**वाराणसी।** प्रभारी निरीक्षक थाना चौक विमल कुमार मिश्र की टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व तलाश वांछित अभियुक्त के क्रम में एक युवक शाह आलम उर्फ राजा पुत्र गुलजार अहमद निवासी हाजी कटरा,सरैंया थाना जैतपुरा को एक देशी तमन्चा 0.315 बोर व दो जिन्दा कारतूस 0.315 बोर के साथ कर्ण घंटा पोखरे की सीढ़ी से गिरफ्तार करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस प्रभारी निरीक्षक विमल कुमार मिश्रा थाना चौक,उ0नि0 विकल शांडिल्य,उ0नि0 आदित्य कुमार राय,उ0नि0 मनीष सिंह,उ0नि0 शुभम शर्मा,का0 कुँवर बहादुर सिंह,का0 आनन्द कुमार टीम रही।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्र में पत्रकार बनकर मान सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर
देश एवं प्रदेश के सभी जिलों में अनुभवी व गैर अनुभवी राज्य प्रभारी, जिला प्रभारी, तहसील प्रभारी एवं ब्लॉक स्तर पर संवाददाता एवं प्रसार प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
हमशे जुड़ने के लिए सम्पर्क करें
शीघ्र सम्पर्क करें : 9935781155, 9506320127

## महाकुंभ मेला क्षेत्र नया जिला घोषित

शकुन टाइम्स संवाददाता

**प्रयागराज।** पतित पावनी गंगा की विस्तीर्ण रेती पर 13 जनवरी से शुरू होने वाले दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महाकुंभ मेला की गतिविधियों को सकुशल संपन्न कराने के लिए महाकुंभ मेला नया अस्थाई जिला घोषित किया गया। अर्ध कुंभ और कुंभ के मौके पर नए जिला की अधिसूचना जारी करने की परंपरा है। शासन के निर्देश पर प्रयागराज के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने रविवार देर शाम महाकुंभ मेला जिला घोषित करने की अधिसूचना जारी किया। इस जिले में संपूर्ण परेड क्षेत्र के साथ ही संगम के आसपास की चार तहसीलों सदर, सोरांव, फूलपुर और करछना के 67 राजस्व गांवों को शामिल किया गया है। इस अस्थायी जिले में प्रशासन वैसे ही



कार्य करेगा जैसे सामान्य जिलों में करता है। मेला अधिकारी विजय किरण आनंद को महाकुंभ मेला जिला का नया जिलाधिकारी बनाया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मजिस्ट्रेट समेत सभी विभागों के पदों पर नियुक्तियां होंगी। नए थाने और पुलिस चौकियां भी बनाई जा रही हैं। दुनिया के कोने कोने से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं और बड़ी जनसंख्या होने के कारण यहां पूरी अलग व्यवस्था होती है। बिल्कुल नए शहर के स्थापित करने जैसा होता है। मेला अवधि के दौरान के लिए यह 76वां जनपद मान्य रहेगा। यह जिला महाकुंभ की तैयारियों से लेकर सकुशल समापन तक के लिए मान्य रहेगा। गौरतलब है कि 13 जनवरी पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ त्रिवेणी की रेती पर तंबुओं की अस्थायी नगरी का आगाज हो रहा है। इसमें दुनिया के कोने कोने से बड़ी संख्या में पहुंचेगे। गंगा की रेती पर एक मास का कल्पवासी कल्पवास भी करेंगे। महाकुंभ के दौरान छह स्नान पर्व होंगे जिसमें तीन नागा, साधु-संतो का राजसी (शाही स्नान) शामिल है। साल 2025 में होने वाले महाकुंभ मेले के स्नान पर्व इस प्रकार हैं।

13 जनवरी, पौष पूर्णिमा (पहला स्नान), 14 जनवरी, मकर संक्रांति (दूसरा स्नान), 29 जनवरी, मौनी अमावस्या (तीसरा स्नान),03 फ़रवरी, बसंत पंचमी (चौथा स्नान), 12 फरवरी, माघ पूर्णिमा (पांचवा स्नान),26 फ़रवरी, महाशिवरात्रि (आखिरी शाही स्नान)। इसमें 14 जनवरी मकर संक्रांति, 29 जनवरी मौनी अमावस्या और 03 फरवरी बसंत पंचमी को शाही स्नान होगा।

## सहारनपुर में विलुप्त हुई सिंधली नदी होगी पुनर्जीवित

शकुन टाइम्स संवाददाता

**सहारनपुर।** वर्ष 1952 में विलुप्त हुयी सिंधली नदी को पुनर्जीवित करने की दिशा में सहारनपुर जिला प्रशासन ने काम शुरु कर दिया है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सोमवार को कहा कि नदी का अस्तित्व 1952 तक था और उसके बाद इस नदी पर अवैध कब्जे हो गए और बड़े बड़े मकान बना दिए गए। इसे पुनर्जीवित करने का काम शुरू किया जा रहा है। इसके लिए पांच करोड़ रूपए का बजट स्वीकृत हुआ है। नदी के ऊपर से सभी तरह का अतिक्रमण खत्म कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नदी को पुनर्जीवित करने के प्रयास तीन माह पहले शुरू किए गए थे। नकुड़ की एसडीएम संगीता राघव इस नदी के स्थलों पर से अतिक्रमण को हटाने में लगी हुई हैं। कुछ किसान भी इस नदी की जमीन पर अवैध कब्जा कर खेती कर रहे हैं। बंसल ने कहा कि सहारनपुर आने के बाद उन्होंने राजस्व विभाग का रिकार्ड खंगाला तो 1952 के करीब 1359 ईस्वी में एक संकरे नाले के रूप में नदी का अस्तित्व मिला। शामली तक बहने वाली यमुना की यह सहायक सिंधवी नदी जिसकी लंबाई 36 किलोमीटर थी जिस पर अवैध कब्जे के कारण विलुप्त हो गई थी। गौरतलब है कि इससे पूर्व संभल में जिलाधिकारी रहने के दौरान मनीष बंसल ने वहां की 110 किलोमीटर लंबी शोध नदी को पुनर्जीवित करने का कार्य किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के कार्यक्रम में मनीष बंसल की सराहना की थी। सिंधली नदी का उद्गम स्थल बैंगनी हैदरपुर था। जहां से यह नदी शाहजहांपुर होते हुए सिरस्का, सनौली, सलारपुर, कल्लरहेड़ी, आलमपुर, लखनौती, शकरपुर और बीनपुर गांव तक प्रवाहित होती थी।

## सपा के प्रतिनिधिमंडल ने संभल के आरोपियों से की मुलाकात

शकुन टाइम्स संवाददाता

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी (सपा) का एक प्रतिनिधिमंडल मुरादाबाद मंडल के संभल में हरिहर मंदिर बनाम जामा मस्जिद सर्वे के दौरान भड़की हिंसा के आरोपियों से मिलने सोमवार को बंदीगृह पहुंचा। जिला कारागार के सूत्रों ने बताया कि मुरादाबाद के पूर्व महापौर डॉ एसटी हसन के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी (सपा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने संभल हिंसा के आरोपियों से जेल में जाकर मुलाकात की। जेल में बंदियों से मुलाकात के लिए पहले से पर्ची जमा की गई थी। जेल में मुलाकात करने वालों में पूर्व सांसद डॉ एसटी हसन, अमरोहा जिले की नौगावां सादात विधानसभा सीट से विधायक समरपाल सिंह, ठाकुरद्वारा सीट से विधायक नवाब जान खान समेत कुल 15 मुलाकाती शामिल थे। पूर्व सांसद डॉ एसटी हसन ने अपने बयान में कहा है कि संभल हिंसा के बाद काफी लोग यहां जेल में बंद हैं। उन्होंने कहा कि आमतौर पर हिंसा के दौरान ऐसे कई मासूम तमाशबीन भी फंस जाते हैं जिनका बवाल से कोई लेना-देना नहीं होता है। उन लोगों की दिलजोही के लिए हम लोग आज़ यहां उनसे मिलने आए हैं, ताकि उन्हें जेल से बाहर लाने के लिए हर संभव कानूनी मदद की जा सके। विपक्ष द्वारा बार-बार संभल जाने को लेकर हमलावर भाजपा द्वारा संभल को सियासी टूरिज्म बनाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जो लोग मणिपुर में हिंसा के बावजूद वहां के हालात की जानकारी लेने की जहमत नहीं उठाते हैं ऐसे में उनको संभल जाना टूरिज्म लगता है। गौरतलब है कि मुरादाबाद के संभल में हरिहर मंदिर बनाम जामा मस्जिद मामले में अदालत के आदेश पर नियुक्त एडवोकेट कमीश्नर टीम द्वारा किए गए सर्वे को लेकर भड़की हिंसा के बाद शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए संभल जिला प्रशासन द्वारा बाहरी लोगों के संभल प्रवेश पर 10 दिसंबर तक प्रतिबंध लगा रखा है।

## प्रवासी पक्षियो के करलव से गुलजार हुई चंबल घाटी

शकुन टाइम्स संवाददाता

**इटावा।** अपनी नसैर्गिक सुंदरता के लिये विख्यात चंबल घाटी इन दिनो प्रवासी पक्षियो के करलव से गुंजायमान है। ऊबड़ खाबड़ बीहड़ के बीच कल-कल बहती चंबल नदी में हजारों की संख्या में सुदूर देशों से आये विदेशी मेहमानो को अठखेलियां लगाते देखा जा सकता है। चंबल सेंचुरी की जिला वनाधिकारी चांदनी शर्मा ने सोमवार को कहा कि नवंबर से ही पक्षियों के आने की शुरुआत एक अच्छा संकेत है सेंचुरी में अफगानिस्तान, पाकिस्तान, श्रीलंका तथा म्यांमार से विदेशी पक्षी आ रहे हैं । इनकी उचित देखभाल की व्यवस्था की गई है।

राष्ट्रीय चंबल सेंचुरी की वादियों में विदेशी पक्षियों का करलव गूंज रहा है ।425 किमी क्षेत्रफल में फैली इस सेंचुरी में प्रवासी पक्षियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है । अब हवासीर (पेलिकन), राजहंस (फ्लेमिंगो), समन (बार हेडेटबूल) जैसे विदेशी पक्षी चार महीने मार्च तक



यहीं डेरा जमाए रहेंगे । इन आकर्षक पक्षियों को देखने वालों की तादात भी दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। चंबल सेंचुरी का महत्व सर्दी के मौसम में अपने आप ही बढ़ जाता है क्योंकि चंबल सेंचुरी में कई लाख प्रवासी पक्षी सर्दी के मौसम में सालों दर साल से आ रहे है। दुर्लभ जलचरों के सबसे बड़े संरक्षण स्थल के रूप में अपनी अलग पहचान बनाये चंबल सेंचुरी को इटावा आने वाले पर्यटक देख पाने में कामयाब होगे ।तीन राज्यों में फैली चंबल सेंचुरी का महत्व इतना है कि चंबल सेंचुरी में डॉल्फिन, घड़ियाल, मगर और कई प्रजाति के कछुए तो हमेशा रहते ही साथ ही कई 'माईग्रेटी बर्ड' भी साल भर रह करके चंबल की खूबसूरती को चार चाँद लगाती रहती है। कश्मीर में ये पक्षी ज्यादातर चीन, यूरोप और सेंट्रल एशिया से आते हैं। पक्षियों का कलरव रोमांचित करने के साथ उर्जा देने वाला होता है और यदि यह कलरव चंबल सेंचुरी के अलावा आसपास के इलाकों में भी प्रवासी पक्षियों की अठखेलियां मन को खूब भा रही है। यहां प्रवासी पक्षी बरबस पर्यटकों का ध्यान अपनी ओर खींच लेते हैं। इन स्थलों पर प्रवासी पक्षियों का डेरा सुंदरता व दृश्य को और भी मनोरम बना देता है।

## फेसमेकर घोटाले के मुख्य आरोपी डॉ समीर सर्राफ बर्खास्त

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में हुए बहुचर्चित पेस मेकर घोटाले के मुख्य आरोपी डॉ.समीर सर्राफ को बर्खास्त कर दिया गया है। सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो प्रभात कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी।

कुमार ने बताया कि कार्डियोलॉजी विभाग में तैनात डॉ. समीर सर्राफ पर मरीजों को नकली पेसमेकर लगाने का आरोप है। सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी की 12 वीं कार्य परिषद की बैठक में कुलपति की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया है । 18 सदस्यों ने पेस मेकर घोटाले के मुख्य आरोपी की बर्खास्तगी पर मुहर लगाई है। हृदय रोगियों को नकली पेस मेकर लगाने के अलावा करीब एक करोड़ की अनावश्यक वस्तुओं की खरीद में घोटाले के साथ आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों से नाजायज वसूली का भी आरोप है।

# रोलर से समतलीकरण में टूटी जलनिगम की पाइप, झील में तब्दील सड़क

## सकलडीहा में सड़क चौड़ीकरण के दौरान कई बार टूटी जल निगम की पाइप

**सकलडीहा कस्बा सहित आसपास के दर्जनों गांव में पेयजल आपूर्ति बाधित**



शकुन टाइम्स संवाददाता

**सकलडीहा/चंदौली।** सकलडीहा में सड़क चौड़ीकरण और नाला निर्माण के दौरान जल निगम की पाइप कई बार टूटने से व्यापारी परेशान है।

रविवार को देर शाम रोलर से मिट्टी समतल करते समय जल निगम की पाइप टूट गयी। सोमवार की सुबह पेयजल आपूर्ति शुरू होते ही मुख्य मार्ग की सड़क झील में तब्दील होगया। पेयजल आपूर्ति ठप होने से कस्बावासियों में भारी आक्रोश है। व्यापारियों ने कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है।

सकलडीहा कस्बा में लम्बे समय से सड़क चौड़ीकरण और नाला निर्माण का कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग की कार्यदायी संस्था की ओर से किया जा रहा है। आरोप है कि चौड़ीकरण में जेसीबी से खोदाई और रोलर चलने के कारण आये दिन जल निगम की पाइप टूट जा रही है। जिसके कारण सकलडीहा, टिमिलपुर,तेन्दुई,सिरोहुपुर,नागेपुर,ईटवा, दुर्गापुर ताजपुर सहित कई गांव के हजारों उपभोक्ता पेयजल की समस्या से जूझ रहे है। इसके बाद भी कार्यदायी संस्था की ओर से आये दिन लापरवाही बरती जा रही है। रविवार को टिमिलपुर गांव के समीप सड़क का समतलीकरण के दौरान जल निगम की पाइप टूट गयी। सोमवार की सुबह पेयजल आपूर्ति शुरू होते ही मुख्य मार्ग सकलडीहा चंदौली वाया चहनिया मार्ग झील में तब्दील होगया।

सड़क का दूषित पानी प्राचीन शिव सरोवर में जाने लगा। जिसे लेकर व्यापारी और शिवभक्तों में आक्रोश फूट पड़ा। आक्रोशित व्यापारियों ने कार्यदायी संस्था के खिलाफ जमकर भड़ास निकालते हुए कार्रवाई की मांग किया। कांग्रेस प्रदेश महासचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना व्यापार मंडल अध्यक्ष केके सोनी, मंटू मिश्रा, संत सेठ ने जिला प्रशासन से समस्या से निजात दिलाने की मांग किया।

# विश्व कंप्यूटर दिवस पर निकली झांकी

शकुन टाइम्स संवाददाता



**धानापुर।** कस्बा स्थित जॉब्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की ओर से विश्व कंप्यूटर दिवस पर सोमवार को झांकी निकाली गई। झांकी से पूर्व बच्चों के बीच कंप्यूटर ज्ञान क्विज का आयोजन किया गया। झांकी में बच्चों ने कंप्यूटर पढ़ो, जीवन में आगे बढ़ो। ईस्ट आर वेस्ट, आईटी इज द बेस्ट। चलो कदम बढ़ाए, तकनीक को अपनाए, अपना-हुनर, कंप्यूटर ज्ञान आदि नारे लगाए। संस्था के डायरेक्टर सैफ अली ने कंप्यूटर दिवस पर प्रकाश डाला और कहा कि हर साल दो दिसंबर को पूरी दुनिया में इस दिन को विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस का उद्देश्य जागरूकता पैदा करना है। क्विज में अव्वल छात्रों को सम्मानित किया गया गया वहीं अतिथियों ने बच्चो का उत्साह वर्धन किया। मुख्य अतिथि शहीद हीरा सिंह पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ सुभाष राम ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कंप्यूटर आज की समय की जरूरत है। जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए कम्प्यूटर का ज्ञान होना अनिवार्य है। वहीं शहीद हीरा सिंह पीजी कालेज के प्रो डॉ प्रवेश कुमार ने कहा कि जॉब्स कंप्यूटर कई वर्षों से बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखार कर सामने ला रहा है। स्कूल न केवल बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर रहा है बल्कि अन्य गतिविधियों जैसे आर्ट क्राफ्ट, म्यूजिक, पेंटिंग, स्पोर्ट्स, डांस, क्विज के क्षेत्र मे भी बच्चों कि प्रतिभाओ को निखरने का अवसर प्राप्त हों रहा है। मुख्य अतिथि द्वारा टॉपर अमृता यादव, ईशा गुप्ता, कुमकुम, मुस्कान,शालू, पायल, श्रुति, अंकिता, साधना, लक्ष्मी, स्वेता सहित अन्य को सम्मानित किया गया। दृष्टि कोचिंग के डायरेक्टर दया यादव ने बच्चों के हौसले को आफजाई करते हुए कहा कि आधुनिक युग मे कंप्यूटर ज्ञान बहुत जरुरी है। इस मौके पर मुख्य रूप से मुकेश मौर्य, अरबिंद यादव,, बृजेश यादव, श्रीनाथ शर्मा, धर्मेंद्र, निखिल, अर्पित, हासिम,एजाज, अमित, उमेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# संक्षिप्त सामाचार

## वृद्ध का तालाब में उतराया मिला शव

**चहनियां/चंदौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के मोहनपुरवा गांव में तालाब में 70 वर्षीय वृद्ध का उतराया हुआ शव मिला। तालाब के किनारे जा रहे लोगो ने इसकी सूचना बलुआ पुलिस को दिया। मौके पर बलुआ इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्रा पहुचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महगांव शिवपुर के रहने वाले रामनाथ पाल मानसिक रूप से विक्षिप्त थे। घर से 26 नवम्बर को निकले थे। परिजनो द्वारा काफी खोजबीन के बाद शनिवार को बलुआ थाने पर सूचना दिया था। जो पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई। सोमवार की शाम को तालाब में शव उतराया देख ग्रामीणो ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर बलुआ इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्रा ने शव को तालाब से बाहर निकलवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया।

## चालक को आयी झपकी दुकानों में घुसा तेज रफ्तार ट्रेलर

**बलिया/रसड़ा।** रसड़ा-मऊ मार्ग पर पकवाइनार चट्टी स्थित चौराहे के पास रविवार की रात करीब बारह बजे चालक की झपकी के कारण तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन ने मिठाई की दो दुकानों का आगे का हिस्सा तोड़ते हुए एक इलेक्ट्रानिक व पान की गुमटी की दुकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे दुकान में रखे सामान नष्ट हो गए। इस भीषण हादसे में कोई जान-माल की क्षति नहीं हुई है। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने ट्रेलर चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि ट्रेलर चालक वाहन लेकर मऊ से बलिया की तरफ आ रहा था। तभी पकवाइनार के पास अचानक चालक को झपकी आ गई। इससे तेज रफ्तार ट्रेलर बेकाबू होकर पकवाइनार चट्टी पर स्थित कमलेश गुप्त व रामानंद गुप्त की मिठाई की दुकान के आगे के हिस्से को ध्वस्त करते हुए बबलू गुप्त की इलेक्ट्रानिक की दुकान व पिंटू की पान की गुमटी दुकान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। अचानक हुए इस हादसे की तेज धमाके की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंच गए और चालक को पकड़ लिया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गयी। लोगों ने चालक को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने चालक समेत ट्रेलर वाहन को कब्जे में ले लिया और कार्रवाई में जुट गई। लोगों का कहना था कि यदि यह हादसा दिन में हुआ रहता तो कई लोगों की जान जा सकती थी।

## सोनू सेवन को हराकर रफ्तार क्लब ने जीता खिताब

**बलिया।** ददरी मेला खेल महोत्सव की कबड्डी प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मुकाबले में सोमवार को रफ्तार क्लब% ने %सोनू सेवन क्लबको 23-21 से मात देकर खिताब पर कब्जा जमाया। बतौर मुख्य अतिथि नपा के ईओ सुभाष कुमार व मेला थाना प्रभारी अमरजीत यादव ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मुकाबले का शुभारम्भ किया। इससे पहले खेल मैदान पर आयोजित जनपद स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन क्रीड़ा अधिकारी जवाहर लाल यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

उद्घाटन मुकाबले में रफ्तार क्लब ने कंशपुर को 16-11 से मात दी। पहले सेमीफाइनल में सोनू सेवन क्लब ने बसरिकापुर को 5-4 तथा रफ्तार क्लब ने महावीर इंटर कालेज को 21-7 से पराजित कर फाइनल मुकाबले का टिकट कटाया। निर्णायक की भूमिका अनूप राय, मुन्ना मिश्र, मनोज पांडे, सरदार मोहम्मद अफजल, नीरज राय, चंद्रकांत राय, मैन यादव आदि ने निभाई।

## वारंटी को पुलिस ने दबोचा

**बलिया।** स्थानीय पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के आरोपी कस्बा के बड़ी बाजार निवासी अखिलेश उर्फ बड़क को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसका चालान कर दिया। पुलिस का कहना है कि उसके खिलाफ साल 2013 में एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था। कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर जमानतीय वारंट जारी किया गया था। इसके बाद से ही उसकी खोजबीन की जा रही थी। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एसआई मनीष कुमार वरुण, सिपाही सत्येंद्र कुमार आदि थे।


RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
आत्मनिर्भर भारत
बनें अपने शहर, अपने क्षेत्र की आवाज
उठाएं आमजन की समस्याएं, बेनकाब करें भ्रष्टाचारियों को
विकास के मुद्दो में दे अपना योगदान और करें आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार
आपकों अवसर देता है मीडिया क्षेत्र में करियर बनाने का
रिपोर्टर्स की आवश्यकता है
सम्पर्क सूत्र
9935781155, 9506320127


# बैंकों में तफरी करते मिले तो बढ़ सकती है मुश्किलें

## सुरक्षा व्यवस्था जांचने को पुलिस ने विभिन्न बैंकों में आये लोगों की ली तलाशी

**बिना काम के बैंक में मिले लोगों से यहां आने का पूछा कारण तो मचा हड़कंप**

शकुन टाइम्स संवाददाता

**धानापुर।** धानापुर पुलिस ने सोमवार को कस्बा सहित क्षेत्र के भिन्न भिन्न बैंक शाखाओं में सघन जांच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। हालांकि इस दौरान बिना काम के जो लोग बैंकों में मिले, उन्हें पुलिस ने सख्त हिदायत देकर छोड़ तो दिया। किंतु पुलिस के एक्शन से बैंक शाखाओं में बेवजह तफरी करने वालों में हड़कंप मच गया है। एसपी के निर्देश पर सोमवार को पुलिस ने एसओ महेश सिंह के नेतृत्व में अलग अलग बैंक शाखाओं की सुरक्षा व्यवस्था परखी। सबसे पहले उन्होंने यूनियन बैंक धानापुर और महराई शाखाओं का पड़ताल किया। इसके बाद अन्य बैंक शाखाओं में गए। सभी जगह उन्हें कुछ न कुछ ऐसे लोग मिले जो बिना किसी काम के तफरी कर रहे थे। सभी की तलाशी ली गई। किसी के पास से कोई प्रतिबंधित वस्तु बरामद नहीं हुई। इसलिए पकड़े गए सभी लोगों को पुलिस ने सख्त हिदायत के बाद छोड़ दिया। एसओ महेश सिंह ने बताया कि बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था परखने के उद्देश्य से एसपी के निर्देश पर बैंकों व उसके आसपास सघन चेकिंग हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस क्रम में समस्त थाना क्षेत्र व थाना व चौकी प्रभारियों सहित चेकिंग हेतु गठित पुलिस टीमों द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी बैंक, पोस्ट ऑफिस, ग्राहक सेवा केंद्र तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, सर्राफा बाजार व उसके आसपास संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान बैंकों में लगे अलार्म एवं सीसी टीवी कैमरों को चेक किया गया कि सभी कैमरे सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं या नही। वहीं इस संदर्भ में कुछ एक शाखा प्रबंधकों से वार्ता की गयी तो उन्होंने भी पुलिस के प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना किया। थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख प्वाइंटों पर संदिग्धों को चिन्हित करते हुए बैरियर लगाकर संदिग्ध बाइक सवारों व वाहनों को चेकिंग किया जा रहा है। बिना नंबर व गलत नंबर प्लेट वाले वाहनों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। बैंक ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को चेक कर सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिये गये।

# बलुआ घाट पर बहुउद्देशीय मंडप



**प्रतिक्षालय का कार्य शुरू,कार्य जोरों पर**

**साढ़े अठारह लाख रुपये में तैयार हो रहा प्रोजेक्ट**

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनिया/चंदौली।** बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर बहुउद्देशीय मंडप प्रतिक्षालय बनाने का कार्य शुरू हो चुका है। जो कार्य तेजी से चल रहा है। यह बनने के बाद घाट की रौनक में चार चांद लग जायेगा। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा घाट पर भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की टीम द्वारा बहुउद्देशीय मण्डप प्रतीक्षालय का कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने बताया की मौनी अमावस्या मेले के पूर्व यह बनकर तैयार हो जायेगा। दीपक जायसवाल ने बताया कि भाजपा नेता अरविन्द पाण्डेय के साथ मिलकर एक लंबे प्रयास के बाद अब 18 लाख,पचास हज़ार की लागत से बनने वाला यह बहुउद्देशीय मण्डप का कार्य आज माँ गंगा कि असीम कृपा से पूर्ण होने जा रहा है। जो वर्ष पर्यंत लगने वाले पर्वों पर यह बहुत ही उपयोगी होने वाला है। इस अवसर पर जुगनू पासवान,राजेश सोनकर, बृजेश साहनी आदि लोग उपस्थित थे।

# कम्प्यूटर आधुनिक समय की मांग- राकेश रौशन

## विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस पर निकली रैली

शकुन टाइम्स संवाददाता




**मारूफपुर/चंदौली।** विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर मंगलवार को क्षेत्र के मारूफपुर स्थित जीवन ज्योति कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट में संगोष्ठी और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को मुख्य अतिथि आकाशवाणी वाराणसी के कम्पीयर/ एनाउंसर राकेश यादव रौशन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान बच्चे %कंप्यूटर शिक्षा आई है, नई रोशनी लाई है% जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली संस्थान से निकलकर मारूफपुर बाज़ार भ्रमण करते हुए पुनः संस्थान में आकर एक संगोष्ठी के रूप में तब्दील हो गई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राकेश यादव रौशन ने कहा कि कंप्यूटर शिक्षा आधुनिक समय की मांग है। आज पूरी दुनिया कम्प्यूटर में सिमट कर रह गई है। ज्ञान, शिक्षा, मनोरंजन, व्यापार, कृषि, दवाई आदि जीवन के हर क्षेत्र में कम्प्यूटर की उपयोगिता बढ़ी है। कम समय में अधिक और त्रुटि रहित कार्य करने से आज पूरी दुनिया ने कम्प्यूटर के महत्व को स्वीकारा है। सच तो यह है कि आज कम्प्यूटर, मोबाईल, इंटरनेट के बिना विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकी। सस्थान के निदेशक रामकुंवर सर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को कम खर्च में बेहतरीन कम्प्यूटर की शिक्षा उपलब्ध कराना हमारा उद्देश्य है, जिससे गांव के गरीब किसान का बेटा भी कंप्यूटर साक्षर हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक रामकुंवर सर ने और संचालन शिक्षक राकेश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर प्रेमचंद पप्पू, बृजेश यादव, आशुतोष ओझा, विनीता यादव, आकांक्षा मौर्या, अलका यादव, रोशनी मौर्या, सुशील कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# पुण्यतिथि पर वैश्य समाज ने पुण्य आत्मा को दी श्रद्धांजलि एवं हुए एकत्रित

शकुन टाइम्स संवाददाता




**नरायनपुर /मिर्जापुर।** अजय जायसवाल ( प्रदेश अध्यक्ष वैश्य समाज उत्तर प्रदेश ) के पिता जी के प्रथम पुण्यतिथि पर वैश्य समाज की बैठक ऊषा सनराइज पब्लिक स्कूल में आहूत की गई थी जिसमें वैश्य समाज नरायणपुर, अदलहाट, कैलहट के प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। उपस्थित पदाधिकारियों ने पुण्यात्मा को दीपान्जली व श्रद्धांजलि अर्पित कर बैठक प्रारंभ की। बैठक में आगामी दिसम्बर माह में सर्व वैश्य समागम समारोह मुख्य रूप से बैठक का उद्देश्य रहा, बैठक में प्रमुख रूप से पत्रकार राजेश अग्रहरि, डा, रमेश केशरी, दिनेश चौरसिया, नन्दलाल गुप्ता, रानी सेठ, प्रधान बनारसी लाल गुप्ता, अनुप जायसवाल, विजय जायसवाल, राजेश चौधरी,शिवा जी गुप्ता कल्पना गुप्ता, नन्दलाल सेठ, भोला मोदनवाल, गणेश गुप्ता , राकेश गुप्ता, शिव जायसवाल , विकास गुप्ता व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। आभार व धन्यवाद प्रदेश अध्यक्ष अजय जायसवाल ने व्यक्त की।

# एसडीएम से मिल छात्र संघ चुनाव करने को सौंपा ज्ञापन



शकुन टाइम्स संवाददाता

**सकलडीहा/चंदौली।** पीजी कालेज में छात्र संघ चुनाव की मांग अब फिर जोर पकड़ने लगी है। सोमवार को छात्र नेताओं का एक प्रतिनिधि मंडल एसडीएम अनुपम मिश्रा से मिलकर ज्ञापन सौंपा। और छात्र संघ चुनाव की मांग किया।छात्र संघ चुनाव न होने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की बात कही। सकलडीहा पीजी कालेज में छात्र नेता लंबे समय से चुनाव कराने की मांग कर रहे है। इसके लिए कई बार धरना प्रदर्शन से लेकर आमरण अनशन तक किया गया। लेकिन कालेज प्रशासन उच्चाधिकारियों का निर्देश न मिलने का हवाला देकर चुनाव कराने में असमर्थता जताई। अब एक बार फिर छात्र नेता एसडीएम अनुपम मिश्रा से मिले, और ज्ञापन सौप बताया कि उच्च न्यायालय ने आदेश दिया है कि कालेज प्रशासन चुनाव कराने के लिए स्वतंत्र है। ऐसे में चुनाव कराया जाएं।साथ ही फीस माफी सहित अन्य मांगों को पूरा किया जाए। इसके बाद छात्र नेता कालेज में जाकर धरना प्रदर्शन और नारेबाजी करने लगें। इस मौके पर ऋषिपाल, अमन पाण्डेय, ऋषिकेश, आशुतोष विरु, विनीत, आकाश यादव, अरुण राजभर, पवन, आकाश गौतम सहित अन्य रहे।

# पूर्व प्रधान पुत्र की ट्रेन की चपेट में आने से मौत, मचा कोहराम

## चतुर्भुजपुर कस्बा से दुकान बंद करके सकलडीहा रेलवे स्टेशन लाइन पार करते समय हुई घटना

**बढ़वलडीह खास गांव के पूर्व प्रधान का था बेटा, परिजनों ने किया युवक का दाह संस्कार**

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सकलडीहा/चंदौली।** बढ़वलडीह खास गांव के पूर्व प्रधान के 36 वर्षीय पुत्र बीरेन्द्र यादव की रविवार की देर रात सकलडीहा रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे लाइन पार करते समय जनशताब्दी ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत होगयी। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव का पीएम कराने की बात कही। मगर परिजनों ने पीएम कराने से इंकार कर दिया। शव का देर रात को अंतिम दाह संस्कार कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। इस मौके पर परिजनों का रोते रोते बुरा हाल था।

बढ़वलडीह गांव के पूर्व प्रधान खरपत्तू यादव के चार पुत्र दीना यादव,जितेन्द्र यादव,योगेन्द्र उर्फ जोगी यादव और बीरेन्द्र यादव और दो पुत्री प्रतिमा व किरन है। बीरेन्द्र यादव की गांव से दो किलोमीटर दूर चतुर्भुजपुर कस्बा में बाइक सर्विस सेंटर की दुकान थी। रविवार को देर रात सवा नौ बजे करीब दुकान बंद करने घर जा रहे थे। रेलवे लाइन बंद था। रेलवे लाइन पार करते समय डाउन में आ रही जनशताब्दी ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत होगयी। घटना की जानकारी होने पर आनन फानन में परिजन व जीआरपी पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। परिजनों ने पीएम कराने से इंकार कर दिया। देर रात को शव को बलुआ घाट पर अंतिम दाह संस्कार कर दिया। घटना के बाद पत्नी रूबी पुत्री जूही पुत्र किशन व पवन सहित परिजनों का रोते रोते बुरा हाल था। सुबह पूर्व सांसद रामकिशुन यादव, विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव, सपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह,भाजपा नेता टंपी सिंह,तरूण पांडेय, सहित सैकड़ों की संख्या में शुभ चिंतिकों की भीड़ जुट गयी।

### काश दो मिनट रूक गए होते तो बच जाती जान

पूर्व प्रधान का पुत्र बीरेन्द्र यादव बचपन से ही मिलनसार व्यक्ति था। चतुर्भुजपुर कस्बा में सर्विस सेंटर दुकान चलाते थे। व्यापारी से लेकर हर लोगों के सुख दुख में खड़ा रहते थे। सुबह मौत की सूचना मिलने पर चतुर्भुजपुर कस्बा की सैकड़ों दुकानें छोटी बड़ी पूरे दिन बंद रहा। लोग कह रहे थे। हर दिन घर चार पहिया और दो पहिया से घर जाते थे। रेलवे लाइन बंद होने पर भी गाड़ी से नही उतरते थे। घटना के दिन भी बाइक से आ रहे थे। रेलवे क्रासिंग बंद होने पर अपने मित्र को सामान लेने के लिये भेज दिया। ग्रामीणों का कहना था कि केबिन मास्टर रेलवे लाइन पार करते समय टार्च से इशारा भी किया। मगर ध्यान नहीं देने के कारण ट्रेन की चपेट में आ गये। लोग कह रहे थे कि काश दो मिनट रूक गये होते तो जान बच जाता।

# भाकियू टिकैत सेना की मासिक पंचायत, पहुंचे तत्काल थाना प्रभारी

शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** सिंभावली सहकारी गन्ना विकास समिति के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन की हुई मासिक पंचायत की अध्यक्षता शमशाद अली और संचालन तहसील अध्यक्ष श्याम सुंदर ने किया।

भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत में जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने कहा कि हर सम्भव संगठन को मजबूत करना प्रत्येक पदाधिकारी की जिम्मेदारी है उन्हें हर संभव संगठन को मजबूत करना है। इसके साथ ही जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक पधाधिकाक़री को संगठन की टोपी पहननी अनिवार्य होगी और हर ग्राम अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष व तहसील अध्यक्ष को अपनी अपनी कमेटी जल्द से जल्द बनाने में जुट जाएं। पंचायत की खबर लगते ही पहुंचे थाना अध्यक्ष* पंचायत की खबर लगते थाना सिंभावली प्रभरी श्योपाल सिंह पहुंच गए और किसानों की पुलिस से जुड़ी समस्याएं सुनी और जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया।मासिक पंचायत में मौजूद महिला विंग जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष सरिता देवी, ब्लॉक अध्यक्ष शोभा देवी, हापुड़ नगर अध्यक्ष रोशनी सैफी, जिला प्रवक्ता कुंवर खुशनूद, मेरठ मंडल संघठन मंत्री महिपाल सिंह उर्फ गुजराल, जिला मीडिया प्रभारी अमज़द खान ,मेरठ मंडल उपाध्यक्ष आमिर अली, सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष मुनव्वर अली, जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर मतलूब, क्षेत्रीय अध्यक्ष नौशाद अल्वी, मोहित त्यागी, ओमवीर सिंह तहसील अध्यक्ष हापुड़, रणवीर सिंह, जितेंद्र कश्यप, सुंदर सिंह, महमूद अल्वी, अर्जुन सिंह समेत मौजूद रहे।



# 07 दिसम्बर को होंगी यूपीएससी नीट जेईई की परीक्षाएं

## जिला समाज कल्याण अधिकारी, कार्यालय से प्राप्त करें प्रवेश पत्र

शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत दिनांक 07.12.2024 को आयोजित अभ्यर्थियों की परीक्षा के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी, हापुड़ हिमांशु गौतम आईएएस ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत सूचित किया कि जनपद स्तर पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 में यूपीएससी 586, नीट 278, जेईई 176 कुल 1040 इच्छुक अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। प्रतियोगी परीक्षा नीट-278 व जेईई-176 के अन्तर्गत प्राप्त अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षा दिनांक 07.12.2024 को एस0एस0वी0 इण्टर कॉलिज, दिल्ली रोड़, हापुड़ में प्रातः 09:00 बजे 11:00 बजे तक सम्पन्न कराई जायेगी। प्रतियोगी परीक्षा यूपीएसई/यूपीपीसीएस के अन्तर्गत प्राप्त 586 अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षा दिनांक 07.12.2024 को एस0एस0वी0 डिग्री कॉलिज, दिल्ली रोड़, हापुड़ में अपरान्हः 01:00 बजे 03:00 बजे तक सम्पन्न कराई जायेगी। उक्त समस्त छात्रों के प्रवेश पत्र कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, हापुड़ के विभाग अन्तर्गत दिनांक 03.12.2024 से 06.12.2024 तक प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक कक्ष संख्या 7 तथा 26 से वितरित किये जाऐगें।

# संक्षिप्त सामाचार

## छात्रा को ब्लैकमेल कर 80 हजार वसूले

**लखनऊ।** फोटो वायरल करने की धमकी देकर शोहदे ने छात्रा से 80 हजार रुपये ऐंठ लिए। इसके बाद भी रुपयों की मांग करता रहा। जिससे परेशान होकर पीड़िता ने कृष्णानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। जालौन निवासी युवती प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। 11 नवंबर को छात्रा के पास अनजान नम्बर से पहली बार कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि उसके पास छात्रा की फोटो और वीडियो है। कॉलर ने युवती का नाम लेकर पुकारा था। जिसकी वजह से पीड़िता घबरा गई।

आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि तुम्हारी पर्सनल डिटेल मेरे पास है। लखनऊ में अकेले रहती है। कमरे से कोचिंग भी आती जाती हो। कभी भी कुछ हो सकता है। खैरियत चाहती हो तो रुपये देने होंगे। धमकी दिए जाने से सहमी छात्रा ने बताए गए खाते में पहली बार 21 हजार रुपये जमा किए। दबाव बना कर करीब 60 हजार रुपये और बैंक अकाउंट ट्रांसफर कराए। करीब 80 हजार रुपये ऐंठने के बाद भी रुपयों की मांग की जाती रही। जिससे परेशान होकर पीड़िता ने रविवार को कृष्णानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि एक मोबाइल नम्बर मिला है। जिसे सर्विलांस पर लेकर जांच की जाएगी।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले के विरोध में व्यापारी

**लखनऊ।** बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमले के विरोध में सोमवार को व्यापारियों ने पैदल मार्च निकाला। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल की ओर से यह पैदल मार्च हजरतगंज में दारुलशफा से शुरू हो कर नॉवेल्टी चौराहे स्थित बाल गंगाधर तिलक की प्रतिमा तक निकाला गया। जुलूस में व्याापारी हाथ में तख्तियां लेकर चल रहे थे। व्यापारियों ने इस दौरान नारेबाजी भी की। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री संदीप बंसल के नेतृत्व में यह जुलूस निकला। नॉवेल्टी चौराहे पर यह जुलूस एक सभा में बदल गया। यहां संदीप बंसल ने कहा कि बांग्लादेश की युसूफ सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए निर्दोष हिंदुओं की हत्या करवा रही है। वहां की सरकार चाहती है कि हिंदु एकजुट हो कर वहां के कट्टरपंथियों से संघर्ष करें। इस बीच सरकार की नाकामी छिप जाए। जिस तरह से बांग्लादेश में उद्यमियों व्यापारियों और हिंदुओं का दमन किया जा रहा है हत्या की जा रही है अत्यंत निंदनीय है, असहनीय है। संदीप बंसल ने कहा कि इस पर देश के प्रधानमंत्री मोदी जी को कठोर से कठोर निर्णय लेने की आवश्यकता है।

## नियुक्ति पत्र के लिएसड़क पर बैठ गए आयुर्वेद डॉक्टर, पुलिस से झड़प

**लखनऊ।** विधानभवन घेराव करने जा रहे आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारियों को पुलिस ने बापू भवन के पास रोक लिया। बापू भवन के पास रोके जाने से आक्रोशित चिकित्साधिकारियों (डॉक्टर) की पुलिस से तीखी झड़प भी हुई। उसके बाद एप्रिन पहने सभी डॉक्टर बापू भवन के बाहर ही सड़क पर बैठ गए। इनकी मांग है कि उनका नियुक्त पत्र तुरंत जारी किया जाए। परिणाम घोषित हुए 11 माह बीत चुके हैं। चयनित डॉक्टरों का कहना है कि लोक सेवा आयोग की ओर से आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी पद की परीक्षा का परिणाम 19 दिसंबर 2023 को घोषित हुआ था।

# सीमेंट व्यापार संघ की लखनऊ इकाई गठित, अभिषेक मंसानी बने अध्यक्ष

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** सीमेंट व्यापार संघ की लखनऊ इकाई का चुनाव निर्विरोध हुआ। चुनाव अधिकारी और वर्तमान अध्यक्ष दीपक सिंहल ने विभिन्न पदों पर नाम रखे। किसी भी पद पर पदाधिकारियों की ओर से अपनी दावेदारी प्रस्तुत नहीं की गई। कोई दूसरा नाम न आने पर सभी की सहमति से निर्विरोध लखनऊ इकाई का गठन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष श्याममूर्ति गुप्ता ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अभिषेक मंसानी को दी। वरिष्ठ महामंत्री पद पर जिम्मी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद पर निर्मल कुमार गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अर्पित जैन व अन्य पदों पर सक्रिय सदस्यों के रूप में आकाश हूजा, अंकुर जैन, आयुष मूर्ति गुप्ता, महेंद्र गोयल, अमित गुप्ता, मनीष अग्रवाल, भास्कर गुप्ता, शशि प्रताप जायसवाल, सुयश मोदी, शैलेन्द्र सिंह, धन्नंजय गिरी, कमल अग्रवाल, सार्थक जैन, मुदद्सर नजर निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दीं। नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का दीपक सिंहल ने अभिनन्दन किया। साथ ही अपना इस्तीफा सौंपा। कहा कि हमेशा संघ के साथ रहेंगे, लेकिन कार्य की अधिकता के चलते इस्तीफा दिया है। प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री मनीष मोदी ने इसी माह के अंतिम सप्ताह में शपथ ग्रहण समारोह की घोषणा की। जिससे नए कलेंडर वर्ष के साथ ही इकाई अपना संगठन विस्तार करे और सीमेंट व्यापारियों की समस्याओं पर ध्यान दे। चुनाव प्रक्रिया अयोध्या रोड स्थित इंदिरा नगर भूतनाथ पर संरक्षक नरेश जैन के कार्यालय पर पूरी हुई।



# सांसद रमेश अवस्थी व आईएमए की अध्यक्षा नंदिनी रस्तोगी ने किया शुभारंभ

शकुन टाइम्स संवाददाता

**कानपुर।** काकादेव में डा. आमोद यूरो गायनी हॉस्पिटल का भव्य शुभारम्भ मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी एवं आईएमए प्रेसीडेंट डा. नंदनी रस्तोगी द्वारा किया गया इस अवसर पर शहर के सम्मानित चिकित्सक एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा. आमोद द्विवेदी ने बताया कि डा. आमोद यूरो गायनी हॉस्पिटल केवल एक उन्नत यूरोलॉजी सेंटर ही नहीं अपितु यह एक उच्चतम तकनीक से सुसज्जित एक सम्पूर्ण हॉस्पिटल है जहां सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान की जायेंगी यहां इन्टेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू), नवजात इन्टेंसिव केयर यूनिट

(एनआईसीयू) व आपातकालीन उपचार सुविधाएं उपलब्ध हैं हम अत्याधुनिक होलियम लेजर तकनीक का उपयोग करते हुये बिना दर्द एवं बिना जटिलताओं के किडनी स्टोन और प्रास्टेट सम्बन्धित उपचार की सेवाएं प्रदान करते हैं इसके अतिरिक्त हमारे हॉस्पिटल में उन्नत यूरो डायनमिक लैब भी है जो मूत्र सम्बंधित समस्याओं के विस्तृत जांच के लिये सुसज्जित है हॉस्पिटल में डायलिसिस की अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध है हॉस्पिटल की डायरेक्टर डा. अंजली द्विवेदी ने बताया कि हॉस्पिटल में मातृ एवं शिशु रोग के उपचार हेतु सभी आवश्यक सुविधाएं यहां उपलब्ध हैं।

स्त्री रोग का इलाज व दूरबीन विधि से आपरेशन की सुविधा बेहद किफायती दरों पर यहां प्रदान की जायेगी।



# ट्रस्ट ने किया बैठक का आयोजन, किए गए प्रशस्तिपत्र वितरण

## ट्रस्ट के द्वारा सेवाओं के प्रति किया गया सम्मानित

शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** रविवार को गढ़ रोड स्थित शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया कार्यालय पर ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन, जहां पर ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत सिंह ने डॉक्टर प्रियंका को प्रशस्तिपत्र देकर महिला मोर्चा की अध्यक्ष घोषित किया तो कई अन्य और साथियों को भी उनके अच्छे कार्य को लेकर प्रशस्तिपत्र उनका उत्साह वर्धन किया, तो वहीं डॉक्टर प्रियंका ने बताया कि ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत सिंह ने जो भी मुझे आज तक कार्य दिया है मैंने उसे संपूर्ण रूप से पूरा किया है और जो भी आगे को मुझे टीम के द्वारा कार्य दिया जाएगा मैं उसे आत्मविश्वास के साथ पूरा करना चाहूंगी, तो वही भारती सिंह ने बताया कि कार्य कोई कठिन नहीं होता बस इंसान के अंदर एक आत्मविश्वास होना चाहिए उसे विश्वास के द्वारा वह कार्य पूरा होगा, जो मन में इंसान ठान लेता है उसे काम को इंसान आसानी से पूरा कर लेता है, तो वही ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि हमारी ट्रस्ट कार्यों के लिए मेहनत कर रही है, संविधान दिवस पर नगर पालिका स्थित ट्रस्ट ने सफाई कर्मचारियों को शॉल वितरण किए थे और लगातार हमारी टीम टीवी के मरीजों के लिए खाने की वस्तुएं वितरण कर रही है, अगर बात की जाए पौधारोपण की तो लगातार हमारी टीम पौधारोपण भी करती रहती है, वही गरीब महिलाओं के लिए ट्रस्ट साफ सफाई के लिए जागरूक करती रहती है, हमारा मकसद गरीबों की सेवा का उसके लिए हमारे ट्रस्ट की सारी टीम तैयार रहती है, बताया गया है की टीम अध्यक्ष अजीत सिंह की अध्यक्षता में रविवार को बैठक की गई जिसमें कई बातों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया था।

वही ट्रस्ट कार्य पर मौजूद रहे ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉक्टर प्रियंका, कपिल कुमार, नीरज कुमार, भारती सिंह, संजय कुमार, प्रदीप कुमार, बिंदु आदि को उनकी सेवाओं को लेकर सम्मानित भी किया गया।



# दौड़, कबड्डी और वॉलीबॉल में छात्रों का बेहतरीन प्रदर्शन राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की हुई शुरुआत

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय की तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत रविवार को हुई। प्रतियोगिता का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुआ। जिसमें राज्य के 84 स्कूलों के 148 बालक और 96 छात्राओं ने भाग लिया। पहले दिन 100, 200 और 400 मी. की बालक दौड़ के साथ बालिका वर्ग की कबड्डी और वॉलीबाल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों की ओर से बेहतरीन प्रदर्शन किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने हवा में गुब्बारे छोड़ कर किया। पहले दिन बालक और बालिका वर्ग में दौड़, कबड्डी और वॉलीबाल के मुकाबले हुए, जिनमें खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में बालक वर्ग में आगरा, मेरठ, प्रयागराज, मिर्जापुर, गोरखपुर और लखनऊ के कुल छह जोन बनाए गए हैं। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि छात्रों के सर्वांगीव विकास के लिए यह सराहनीय पहल है। इसमें अगले दो दिनों में लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक और बैडमिंटन के रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। इस मौके पर समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक आरके सिंह, उपनिदेशक जयराम के साथ अमरजीत सिंह समेत तमाम शिक्षक, टीम मैनेजर सहित कई लोग मौजूद रहे।



# माध्यमिक शिक्षकों का प्रदर्शन 9 दिसम्बर को

**लखनऊ।** उप्र. माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) वित्त पोषित स्कूलों के राजकीयकरण, सेवा सुरक्षा, पदोन्नति, सिटीजन चार्टर लागू किये जाने को लेकर 9 दिसम्बर को हर जिले के डीआईओएस कार्यालय में धरना देगा। 10 फरवरी को प्रदेश भर के शिक्षक लखनऊ में बड़ा आन्दोलन करेंगे।

शिक्षकों ने कहा कि सेवा सुरक्षा शर्तें खत्म किये जाने से शोषण बढ़ गया है। प्रबंधक शिक्षकों निलंबित एवं बर्खास्त कर रहे हैं। इससे शिक्षकों में भारी आक्रोश है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ(एकजुट) के प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा एवं प्रदेश महामंत्री राजीव यादव के नेतृत्व में राज्यपरिषद की गूगल मीट में शिक्षकों ने नाराजगी जतायी। प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा का कहना है कि नौ दिसम्बर प्रत्येक जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। इसमें मुख्यमंत्री को सम्बोधित छह सूत्री मांग पत्र डीआईओएस को देंगे।

# टेण्डर के लिए फर्म संचालक ने बोगस सर्टिफिकेट लगाया

**लखनऊ।** वजीरगंज कोतवाली में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधिशासी अभियंता ने फर्म संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी ने ई-पोर्टल के जरिए टेण्डर प्रक्रिया में शामिल होकर फर्जी सर्टिफिकेट लगाया था। अधिशासी अभियंता रमेश कुमार के मुताबिक ई-पोर्टल एसजीपीजीआई 33 केवीए उपकेंद्र की नई लाइन के लिए आवेदन मांगे गए थे। आलमबाग कनौसी स्थित बीएन इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर वीरेंद्र सिंह ने टेण्डर भरा था। अनुभव सर्टिफिकेट के तौर पर पश्चिम रेलवे रतलाम में करीब एक करोड़ 87 लाख रुपये का काम पूरा करने का दावा किया। ई-निविदा के वक्त लगाए गए सर्टिफिकेट की जांच कराए जाने पर पता चला कि वीरेंद्र सिंह ने रतलाम में कोई काम ही नहीं किया। टेण्डर हासिल करने के लिए जाली कागज तैयार पर ई-टेण्डर भरा गया था। फर्म संचालक की धोखाधड़ी का राजफाश होने पर अधिशासी अभियंता ने वजीरगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

# 16 से 31 दिसम्बर तक जिलों में पूरी होगी चुनाव प्रक्रिया

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** बूथ समिति गठन की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। दूसरे चरण में 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों और समितियों की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 16 से 31 दिसंबर तक जिलों के चुनाव की प्रक्रिया होगी। चुनाव सर्वसम्मति और निष्पक्ष कराया जाए। भाजपा महानगर की ओर से आयोजित कार्यशाला में उक्त बात चुनाव अधिकारी नवीन जैन ने कही। उन्होंने कहा कि सक्रिय कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भाजपा ने सभी चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करते हुए चुनाव में जीत दर्ज की है। अन्य किसी दलों के संगठन में कोई लोकतंत्र नहीं है और कोई चुनाव नहीं होता है। भाजपा एकमात्र संगठन ऐसा है जिसमें बूथ अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का निर्वाचन होता है। चुनाव अधिकारी नवीन जैन ने बताया कि मंडल अध्यक्ष कम से कम दो बार के सक्रिय सदस्य ही बनेंगे। 45 वर्ष से कम आयु के मंडल अध्यक्ष बनाए जाएंगे। लगातार दो बार मंडल अध्यक्ष रह चुके इस बार मंडल अध्यक्ष नहीं बनेंगे। एक से अधिक नाम होने की स्थिति में निष्पक्ष मतदान कराया जाए। सभी वर्गों के समावेश के साथ महिलाओं को भी प्राथमिकता दी जाए। नीरज सिंह ने कहा कि पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ मंडल अध्यक्ष का चुनाव कराए जाएं। प्रदेश महामंत्री संजय राय ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में संगठनात्मक कार्यशालाएं नहीं होती हैं। विपक्षी पार्टियों में पारिवारिक सदस्य ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते हैं। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि बूथ स्तर पर समितियों का गठन लगभग पूरा हो चुका है। नुभवशाली, क्षमतावान और सक्रिय कार्यकर्ताओं को मंडल समिति में स्थान दिया जाएगा। कार्यशाला में राज्यसभा सदस्य बृजलाल, सत्यापन अधिकारी श्रीकृष्ण शास्त्री, रमेश तुफानी, अंजनी कुमार श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, मान सिंह आदि मौजूद रहे।

# आलू की खेती कर माला-माल हो जांएगे यूपी के किसान, समुद्र के रास्ते होगा व्यापार

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आलू उत्पादक किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। केंद्र सरकार ने समुद्र मार्ग के जरिए आलू के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है, जिसमें आलू को भी शामिल किया गया है।

चूंकि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा आलू उत्पादक राज्य है और यहां कन्नौज, फर्रुखाबाद जैसे जिलों में आलू की दोहरी फसल ली जाती है, ऐसे में इस प्रोजेक्ट का सबसे बड़ा लाभ यूपी के आलू उत्पादक किसानों को होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश की कृषि भूमि में आलू के बिना किसी सब्जी की कल्पना भी नहीं की जा सकती। यह न केवल हर समय सस्ती दरों पर उपलब्ध होता है, बल्कि इसके मूल्य में उतार-चढ़ाव भी मीडिया की सुर्खियां बनता है। अब समुद्र के रास्ते आलू का निर्यात बढ़ने से इसके मूल्य में तेजी और मंदी की खबरों पर कुछ हद तक रोक लगेगी, जिससे आलू किसानों को स्थिरता मिलेगी। योगी सरकार आलू किसानों के हित में हमेशा सक्रिय रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने पहले कार्यकाल के शुरुआत में आलू किसानों के लिए बाजार हस्तक्षेप योजना लागू की थी, जो प्रदेश के इतिहास में एक अनोखी पहल थी। इसके बाद से ही सरकार ने किसानों के लिए बेहतर बीज, उचित दाम पर बीज की उपलब्धता और आलू के प्रसंस्करण के लिए मेगा फूड पार्क स्थापित करने जैसी कई योजनाएं बनाई हैं। आगरा में स्थापित होने वाला अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र और हापुड़ तथा कुशीनगर में बन रहे एक्सीलेंस सेंटर इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। सीआईपी केंद्र की स्थापना के लिए 120 करोड़ रुपये की लागत अनुमानित है, और यह 10 हेक्टेयर क्षेत्र में बनेगा।

इन केंद्रों के निर्माण से किसानों को बेहतर गुणवत्ता के आलू के बीज मिलेंगे, जिससे उनकी उपज में वृद्धि होगी और आय में भी सुधार होगा। इन केंद्रों के खुलने से उत्तर प्रदेश के आलू उत्पादक क्षेत्रों के साथ-साथ बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के किसानों को भी लाभ मिलेगा। साथ ही, दक्षिण एशिया के अन्य आलू उत्पादक देशों को भी इन केंद्रों से फायदा होगा। इन केंद्रों का उद्देश्य आलू की अधिक उत्पादकता वाली और प्रसंस्करण योग्य किस्मों का विकास करना है। इसके अलावा, किसानों को आलू की खेती के नए तरीके सीखने का मौका मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी।



## यूपी में आंकड़ा 25.48 मीट्रिक टन

उत्तर प्रदेश का आलू उत्पादन देश में सबसे अधिक है, हालांकि पश्चिम बंगाल प्रति हेक्टेयर अधिक उत्पादन करता है। पश्चिम बंगाल में प्रति हेक्टेयर आलू का उत्पादन 29.19 मीट्रिक टन है, जबकि यूपी में यह आंकड़ा 25.48 मीट्रिक टन है। इस गैप को खत्म करने और यूपी में प्रति हेक्टेयर आलू उत्पादन बढ़ाने के लिए शोध केंद्रों का खुलना बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है।

## आलू किसानों को नई संभावनाओं का मार्गदर्शन

उत्तर प्रदेश के प्रमुख आलू उत्पादक जिले जैसे कन्नौज, फर्रुखाबाद, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, मेरठ और लखनऊ अब एक नई दिशा में आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। इन जिलों में आलू की खेती पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि प्रदेश का आलू उत्पादन और भी बढ़े और किसानों को अधिक लाभ हो। इस नए प्रोजेक्ट के माध्यम से यूपी के आलू किसानों को नई संभावनाओं का मार्गदर्शन मिलेगा, और इसके जरिए आलू की खेती से उनकी आय में भी उन्नति हो सकती है।

## सम्पादकीय

# दुनिया का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर भारत

अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत एवं उसके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की साख एवं सीख के कारण भारत दुनिया का सिरमौर बनने की दिशा में अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में 5 दिन के विदेश दौरे में तीन देशों की यात्रा की और 31 ग्लोबल लीडर्स और वैश्विक संगठनों के प्रमुखों के साथ मुलाकात की। मोदी की विदेश यात्राओं से विश्व में भारत का न सिर्फ सम्मान बढ़ रहा है बल्कि दुनिया का हमारे देश के प्रति नजरिया भी बदल रहा है। भारत का हमेशा से मानना रहा है कि दुनिया के शीर्ष ताकतों को सिर्फ अपने बारे में नहीं सोचना चाहिए। आर्थिक रूप से संपन्न देशों को छोटे-छोटे देशों के हितों का भी उतना ही ख्याल रखना होगा। प्रधानमंत्री के एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का मंत्र इस बात की ओर ही संकेत है। भारत में वैश्विक विकास को फिर से पटरी पर लाने, युद्धमुक्त दुनिया बनाने, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य और डिजिटल परिवर्तन जैसे वैश्विक चिंता के प्रमुख मुद्दों पर दुनिया की अगुवाई करने की क्षमता है। इस पहलू को अब दुनिया की तमाम बड़ी शक्तियां भी स्वीकार करने लगी हैं। मोदी ने बार-बार कहा है भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से काम करता है, जिसमें छोटे-छोटे देशों के हितों को पूरा करने के लिए समान विकास और साझा भविष्य का संदेश भी निहित है, जो भारत की आशावादी एवं समतामूलक सोच को दर्शाता है। भारत को स्वर्णिम भारत, अच्छा भारत, रामराज्य का भारत या दुनिया का सिरमौर इसलिये कहा जाता है कि यह वो देश है जहाँ से दुनिया ने शून्य को जाना। खेल, पर्यटन और फिल्मों से जिसको पहचाना जाता है। जिसकी अंतरिक्ष में पहुँच, तकनीकी प्रतिभाओं से विश्व ने भी भारत का लोहा माना है। बिना रक्त क्रांति के जिसने पायी थी आजादी। भारत दुनिया को बाजार नहीं, एक परिवार मानता है। संतों के सान्निध्य में चलने वाली भारत की व्यवस्था पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शन हैं। मानव सभ्यता के 95 प्रतिशत समय तक भारत दुनिया को खनिज, मसाले और धातुओं के साथ ही धर्म, गणित एवं खगोलशास्त्र की अवधारणाएं देता रहा। जब सारी दुनिया भटकती है तब भारत उसका मार्ग प्रशस्त करता है। भारत टकराव और संघर्ष को मानवता के लिए खतरा मानता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मौजूदा दौर में हमें अपने अस्तित्व ही नहीं, सम्पूर्ण मानवता के लिए लड़ने की जरूरत है। भारत ने अपनी विदेश नीति के जरिए हमेशा ही ये संदेश दिया है कि आज दुनिया जलवायु परिवर्तन, गरीबी, आतंकवाद, युद्ध और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है। आज दुनिया में ऐसी ही संवेदनशील अर्थव्यवस्थाओं के निर्माण की चर्चा हो रही है जहां समाज कल्याण एवं जीडीपी विकास दोनों का सह-अस्तित्व हो और नागरिकों की प्रसन्नता सर्वोपरि हो।

भारत ऐसी ही अर्थव्यवस्था यानी संवेदनशील वैभव के सदुपयोग को खुशहाल जीवन और दीर्घकालिक आत्मनिर्भर समाज का आधार मानते हुए आगे बढ़ रहा हैं। भारतीय सभ्यता सदा से धन और दान दोनों को सर्वोच्च मानती है। हमारे ऋषियों-मनीषियों ने वाकपटुता, सहायता करने की तत्परता, शत्रुओं से निपटने की बुद्धिमत्ता, स्मृति, कौशल, नैतिकता एवं राजनीति का ज्ञान आदि गुणों को सफल नेतृत्व का आधार बताया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन्हीं गुणों के बल पर भारत को दुनिया में अव्वल स्थान पर पहुंचाया हैं। भारत के पास सबसे मजबूत लोकतंत्र है, विविधता है, स्वदेशी एवं समावेश सोच, आदर्श जीवनशैली, वैश्विक सोच है और दुनिया इन्हीं आइडियाज में अपनी सभी चुनौतियों का समाधान देख रही है। आज अमेरिकी अपनी गिरती साख को लेकर चिन्तीत है। यूरोपीय संस्कृति ऐसी रही है, जिसमें उन वस्तुओं पर भी पैसा बहाया गया, जिनकी उन्हें कभी जरूरत ही नहीं थी। चीन ने कारोबार और नीतियों का ऐसा रास्ता अपनाया, जिसमें कोई नैतिकता नहीं। रूस अपने शत्रु को आंकने में गलती कर गया और एक अंतहीन से युद्ध में उलझकर रह गया। दुनिया में मची इस उथल-पुथल के बीच ऐसा लगता है कि केवल भारत ही ऐसी प्रमुख शक्ति है, जिसने ऐसा रास्ता चुना जो कूटनीतिक समझ और नैतिकता से भरा है। साथ ही, उसने एक स्थिर अर्थव्यवस्था के वैश्विक ब्रांड के रूप में खुद को स्थापित किया है, जिसके साथ दुनिया व्यापार करना चाहती है। ये सब इसी कारण संभव हुआ, क्योंकि हम अपनी संस्कृति से जुड़े हैं, हमारा नेतृत्व संस्कृति से जुड़ा एक महान् कर्मयोद्धा कर रहा है। दुनिया पिछले हजारों सालों से सुखों के लिए दौड़ रही है लेकिन इस दौड़ में हार चुकी है। अब उसकी नजर भारत पर है। देश को अपनी सारी शक्ति एकजुट करनी होगी। सारी दुनिया में कट्टरपंथ और उदारता के बीच लड़ाई चल रही है। कपट और सरलता के बीच संघर्ष चल रहा है। देश को अपने मूल्यों को स्थापित करने के लिए सेनापति की भूमिका निभानी होगी और उसके लिये उसकी तैयारी भी है। वर्तमान में भारत आर्थिक, सामरिक, वैज्ञानिक तथा ज्ञान के क्षेत्र में विश्व का सिरमौर बन रहा है, यह अच्छा संकेत है। अन्यान्य क्षेत्रों के साथ भारत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया का सिरमौर है। सौर ऊर्जा उत्पादन में भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है। इसलिए सारा संसार भारत की ओर बड़ी आशा और विश्वास के साथ देख रहा है। परन्तु अनेकानेक विशेषताओं एवं विलक्षणताओं के बीच कुछ विसंगतियां एवं विषमताएं भी हैं।

# भारतीय आर्थिक दर्शन एवं प्राचीन भारत में आर्थिक विकास

प्रह्लाद सबनानी

यासक ने 'निघंटू' नामक ग्रंथ में धन के 28 समानार्थ शब्द बताए हैं, और प्रत्येक शब्द का अलग अलग अर्थ है। दुनिया की किसी पुस्तक में अथवा किसी अर्थशास्त्र की किताब में धन के 28 समानार्थ शब्द नहीं मिलते हैं। भारत के शास्त्रों में धन के सम्बंध में उच्च विचार बताए गए हैं। भारत के शास्त्रों ने अर्थ के क्षेत्र को हेय दृष्टि से नहीं देखा है एवं यह भी कभी नहीं कहा है कि धन अर्जन नहीं करना चाहिए, पैसा नहीं कमाना चाहिए, उत्पादन नहीं बढ़ाना चाहिए। बल्कि दरिद्रता एवं गरीबी को पाप बताया गया है। हां, वेदों में यह जरूर कहा गया है कि जो भी धन कमाओ वह शुद्ध होना चाहिए। 'ब्लैक मनी' नहीं होना चाहिए, भ्रष्टाचार करके धन नहीं कमाना चाहिए, स्मग्लिंग करके धन नहीं कमाना चाहिए, कानून का उल्लंघन करते हुए धन अर्जन नहीं करना चाहिए, ग्राहक को धोखा देकर धन नहीं कमाना चाहिए। मनु स्मृति में तो मनु महाराज ने कहा है कि सब प्रकार की शुद्धियों में सर्वाधिक महत्व की शुद्धि अर्थ की शुद्धि है।

भारत में वेदों, पुराणों एवं शास्त्रों में यह कहा गया है कि मानव जीवन हमें मोक्ष प्राप्त करने के लिए प्राप्त हुआ है। मोक्ष प्राप्ति के लिए अच्छे कर्मों का करना आवश्यक है। अच्छे कर्म अर्थात हमारे किसी कार्य से किसी पशु, पक्षी, जीव, जंतु को कोई दु:ख नहीं पहुंचे एवं सर्व समाज की भलाई के कार्य करते रहें। अर्थात, इस धरा पर निवास करने वाले प्रत्येक प्राणी का कल्याण हो, मंगल हो। ऐसी कामना भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में की जाती है। इसी प्रकार, धर्म के महत्व को स्वीकार करते हुए कौटिल्य के अर्थशास्त्र, नारद की नारद स्मृति और याग्वल्य की याग्वल्य स्मृति में कहा गया है कि 'अर्थशास्त्रास्तु बलवत धर्मशास्त्र नीतिस्थिति'। अर्थात, यदि अर्थशास्त्र के सिद्धांत एवं नैतिकता के सिद्धांत के बीच कभी विवाद उत्पन्न हो जाए तो दोनों में से किसे चुनना चाहिए। कौटिल्य, नारद एवं याग्वल्य कहते हैं कि अर्थशास्त्र के सिद्धांतों की तुलना में यानी केवल पैसा कमाने के सिद्धांतों की तुलना में हमको धर्मशास्त्र के सिद्धांत अर्थात नैतिकता, संयम, जिससे समाज का भला होता हो, उसको चुनना चाहिए। कुल मिलाकर अर्थतंत्र धर्म के आधार पर चलना चाहिए। गुनार मृडल जिनको नोबल पुरस्कार प्राप्त हुआ था एवं जिनकी 'एशियन ड्रामा' नामक पुस्तक बहुत मशहूर हुई थी। उन्होंने एक और छोटी किताब लिखी है जिसका नाम है 'अगेन्स्ट द स्ट्रीम'। इस किताब में उन्होंने अर्थशास्त्र को एक नैतिक विज्ञान बताया है। कुछ वर्ष पूर्व अखबारों में एक खबर छपी थी कि विश्व बैंक ने यह जानने के लिए एक अधय्यन प्रारम्भ किया है कि विकास में आध्यात्म की कितनी भूमिका है। इसी प्रकार दुनिया में यह जानने का प्रयास भी किया जा रहा है कि दरिद्रता मिटाने में धर्म की क्या भूमिका हो सकती है। प्राचीन भारत के वेद-पुराणों में धन अर्जित करने को बुरा नहीं माना गया है। प्राचीन काल में वेदों का एक भाष्यकार हो गया है, जिसका नाम यासक था।

यासक ने 'निघंटू' नामक ग्रंथ में धन के 28 समानार्थ शब्द बताए हैं, और प्रत्येक शब्द का अलग अलग अर्थ है। दुनिया की किसी पुस्तक में अथवा किसी अर्थशास्त्र की किताब में धन के 28 समानार्थ शब्द नहीं मिलते हैं। भारत के शास्त्रों में धन के सम्बंध में उच्च विचार बताए गए हैं। भारत के शास्त्रों ने अर्थ के क्षेत्र को हेय दृष्टि से नहीं देखा है एवं यह भी कभी नहीं कहा है कि धन अर्जन नहीं करना चाहिए, पैसा नहीं कमाना चाहिए, उत्पादन नहीं बढ़ाना चाहिए। बल्कि दरिद्रता एवं गरीबी को पाप बताया गया है। हां, वेदों में यह जरूर कहा गया है कि जो भी धन कमाओ वह शुद्ध होना चाहिए। 'ब्लैक मनी' नहीं होना चाहिए, भ्रष्टाचार करके धन नहीं कमाना चाहिए, स्मग्लिंग करके धन नहीं कमाना चाहिए, कानून का उल्लंघन करते हुए धन अर्जन नहीं करना चाहिए, ग्राहक को धोखा देकर धन नहीं कमाना चाहिए। मनु स्मृति में तो मनु महाराज ने कहा है कि सब प्रकार की शुद्धियों में सर्वाधिक महत्व की शुद्धि अर्थ की शुद्धि है। भारतीय शास्त्रों में खूब धन अर्जन करने के बाद इसके उपयोग के सम्बंध में व्याख्या की गई है। अर्जित किए धन को केवल अपने लिए उपभोग करना, उस धन से केवल ऐय्याशी करना, केवल अपने लिए काम में लेना, अपने परिवार के लिए मौज मस्ती करना, आदि को ठीक नहीं माना गया है। अर्जित किए गए धन को समाज के साथ मिल बांटकर, समाज के हितार्थ उपयोग करना चाहिए। भारत के प्राचीन ग्रंथों में जीवन के उद्देश्य को पुरुषार्थ से जोड़ते हुआ यह कहा गया है कि धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष,




इन चारों बातों पर विचार करके मनुष्य को सुखी करने के सम्बंध में विचार किया जाना चाहिए। इसी विचार के चलते भारत के मनीषियों द्वारा अर्थ और काम को नकारा नहीं गया है। कई बार भारत के बारे में वैश्विक स्तर पर इस प्रकार की भ्रांतियां फैलाने का प्रयास किया जाता रहा है कि भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में तो अर्थ और काम को नकार दिया गया है। प्राचीन काल में भी ऐसा कतई नहीं हुआ है। अगर, ऐसा हुआ होता तो भारत सोने की चिड़िया कैसे बनता? हां, भारत के प्राचीन शास्त्रों में यह जरूर कहा गया है कि अर्थ और काम को बेलगाम नहीं छोड़ना चाहिए। अर्थ और काम को मर्यादा में ही रहना चाहिए। धन अर्जित करने पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है परंतु यह धर्म का पालन करते हुए कमाना चाहिए। अर्थात, अर्थ को धर्म के साथ जोड़ दिया गया है। इसी प्रकार काम को भी धर्म के साथ जोड़ा गया है। उपभोग यदि धर्म सम्मत और मर्यादित होगा तो इस धरा का दोहन भी सीमा के अंदर ही रहेगा। अत: कुल मिलाकर अर्थशास्त्र में भी नैतिकता का पालन होना चाहिए। प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र एवं वर्तमान अर्थशास्त्र में यह भी एक बहुत बड़ा अंतर है। आजकल कहा जाता है कि नीति का अर्थशास्त्र से कोई लेना देना नहीं है। जबकि वस्तुत: ऐसी कोई भी अर्थव्यवस्था, अर्थतंत्र और विकास का कोई भी तंत्र जिसमें नैतिकता को स्वीकार न किया जाय वह चल नहीं सकती और वह समाज का भला नहीं कर सकती। अर्थ को प्रदान किए गए महत्व के चलते ही प्राचीनकाल में भारत में दूध की नदियां बहती थीं, भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था, भारत का आध्यात्मिक, धार्मिक, सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से पूरे विश्व में बोलबाला था। भारत के ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिक बहुत सम्पन्न हुआ करते थे। कृषि उत्पादकता की दृष्टि से भी भारत का पूरे विश्व में डंका बजता था तथा खाद्य सामग्री एवं कपड़े आदि उत्पादों का निर्यात भारत से पूरे विश्व को होता था। भारत के नागरिकों में देश प्रेम की भावना कूट कूट कर भरी रहती थी तथा उस खंडकाल में भारत का वैभव काल चल रहा था, जिसके चलते ग्रामीण इलाकों में नागरिक आपस में भाई चारे के साथ रहते थे एवं आपस में सहयोग करते थे। केवल 'मैं' ही तरक्की करूं इस प्रकार की भावना का सर्वथा अभाव था एवं 'हम' सभी मिलकर आगे बढ़ें, इस भावना के साथ ग्रामीण इलाकों में नागरिक प्रसन्नता के साथ अपने अपने कार्य में व्यस्त एवं मस्त रहते थे। प्राचीन काल में भारत में भव्यता के स्थान पर दिव्यता को अधिक महत्व दिया जाता रहा है। भव्यता का प्रयोग सामान्यत: स्वयं के विकास के लिए किया जाता है। जबकि दिव्यता का उपयोग समाज के विकास में आपकी भूमिका को आंकने के पश्चात किया जाता है। भव्यता दिखावा है, भव्यता प्रदर्शन है, अत: केवल भव्यता के कारण किसी का जीवन ऊंचाईयों को नहीं छू सकता है, इसके लिए दिव्यता होनी चाहिए, अर्थात समाज की भलाई के लिए अधिक से अधिक कार्य करना होता है। अर्थ को धर्म से जोड़ने के साथ ही, प्रकृति के संरक्षण की बात भी भारतीय पुराणों में मुखर रूप से कही गई है। भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति के अनुसार नदियों, पहाड़ों, जंगलों, जीव जंतुओं में भी देवताओं का वास है, ऐसा माना जाता है। इसीलिए यह कहा गया है कि इस पृथ्वी पर उपलब्ध संसाधनों का दोहन करें, शोषण नहीं करें।

# महिलाएं जीत की गारंटी बनीं

क्या आपको लगता है कि हमारे राजनेता जन-कल्याण में पर्याप्त ध्यान नहीं लगाते? वे चुनाव के समय सामाजिक दरारों को चौड़ा कर वोट जुटाते हैं और फिर उस वोट बैंक को बिसरा देते हैं? एक लोकप्रिय शोशा यह भी है कि राजनीति जन समस्याओं के समाधान के बजाय सिर्फ सत्ता प्राप्ति का जरिया बन चुकी है इन सवालों का जवाब देने के लिए मैं आपको पिछले साल, यानी 2023 में वापस ले चलना चाहता हूं। उन दिनों मध्य प्रदेश में सत्ता-विरोधी लहर आसमान छू रही थी। उन्हीं विपरीत परिस्थितियों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अचानक 'लाडली बहना योजना' की शुरुआत की और सारी 'एंटी इनकंबेंसी' हवा हो गई। वह तीसरी बार चुन लिए गए। यह बात अलग है कि भाजपा ने उनकी जगह भोपाल में नए नेतृत्व को मौका देना बेहतर समझा। इसके पहले हुए हिमाचल और कर्नाटक के चुनावों में भी कांग्रेस सिर्फ इसलिए वापसी कर सकी, क्योंकि उसने महिलाओं के लिए नई कल्याणकारी योजनाओं का वायदा किया था। चुनावी लड़ाइयों में अमोघ अस्त्र बन चुकी इन योजनाओं को वर्ष 2001 के तमिलनाडु चुनावों में जयललिता जयराम ने शुरू किया था। महिलाओं पर चले गए इस दांव से चेन्नई के सत्ता-सदन में उनकी जबरदस्त वापसी हुई थी। उनके बाद नीतीश कुमार ने इस जादुई मंत्र को आत्मसात किया। साल 2006 में उनकी सरकार ने फैसला किया कि कक्षा नौ में पढ़ने वाली सभी छात्राओं को साइकिल दी जाएगी। बिहार को जानने वाले जानते हैं कि वहां बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालयों की कमी है। छोटी बच्चियों को प्राइमरी स्कूल के बाद आस-पास के गांवों में स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में जाना पड़ता है। अक्सर उनकी पढ़ाई छूट जाती थी, क्योंकि घर में किसी सदस्य के पास प्रतिदिन उन्हें दूसरे गांव ले जाने और लाने की फुरसत नहीं होती थी। इस पुराने सिलसिले ने महिलाओं को पीछे धकेल दिया था। सरकार से मिली साइकिल ने उन्हें बंधन मुक्त कर दिया। मैंने खुद बिहार की सड़कों पर दर्जनों बच्चियों को खिलखिलाते हुए साइकिल पर स्कूल आते-जाते देखा है। वे पढ़ रही थीं, खुली हवा में सांस ले रही थीं और अपने अंदर इस विश्वास को संजो रही थीं कि वे एक नए बिहार की संरचना करेंगी। साइकिल योजना के लागू होने से पहले और बाद के बिहार में यदि सरकारी कार्यालयों में पुरुषों और महिलाओं के अनुपात, शिक्षा दर और अन्य सामाजिक पैमानों पर आपा त्ररयों की भागीदारी आंकें, तो आश्चर्य में पड़ जाएंगे। सन् 2010 के चुनाव में बिहारी पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की भागीदारी अधिक रही। चुनाव आयोग के आंकड़े गवाह हैं कि 51.12 प्रतिशत पुरुषों ने और 54.49 फीसदी महिलाओं ने वोट डाले। बिहार के सामाजिक समीकरण ऐसे हैं कि नीतीश कुमार को सत्ता की सीढ़ी बिछाने के लिए भारतीय जनता पार्टी या अपने पुराने दोस्त लालू प्रसाद यादव की पार्टी का सहारा लेना पड़ता है। नीतीश कुमार अकेले सत्ता हासिल नहीं कर सकते, लेकिन उनके बिना ये दोनों पार्टियां भी हुकूमत में आने की स्थिति में नहीं हैं। इसी का नतीजा है कि एक छोटे अंतराल को छोड़ नीतीश कुमार तो 19 वर्षों से 1, अणे मार्ग पर काबिज हैं। अप्रैल 2016 में शराबबंदी का निर्णय कर वह आधी आबादी के और अधिक दुलारे बन चुके हैं। पटना के इन शुरुआती प्रयोगों के बाद पश्चिम बंगाल, दिल्ली, ओडिशा, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और हिमाचल में तमाम पार्टियों ने महिलाओं के हक में अनेक फैसले किए। मौजूदा चुनाव परिणाम इसका उदाहरण है कि किस तरह महिलाओं की भागीदारी सत्ताओं को उखाड़ सकती है या पुरानी सरकार को दोबारा जमे रहने के लिए खाद-पानी मुहैया करा सकती है। हरियाणा में हवा कांग्रेस के पक्ष में थी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प-पत्र में लाडली लक्ष्मी योजना की घोषणा की। इसके तहत हर महीने महिलाओं को 2,100 रुपये मिलेंगे। साथ-साथ अव्वल बालिका योजना के तहत कॉलेज जाने वाली हर ग्रामीण लड़की को स्कूटी मुहैया कराने का वायदा किया गया। यही नहीं, हर घर गृहिणी योजना के तहत 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर दिए जाने का भी आश्वासन दिया गया। नतीजतन, सारी सत्ता विरोधी लहर हवा हो गई और भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने में कामयाब रही। पिछले हफ्ते महाराष्ट्र और झारखंड में भी यही हुआ।

# बाल विवाह से मुक्ति बेटियों को देगा खुला आसमान

ललित गर्ग

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत दूरगामी मानवीय सोच से जुड़ा एक संवेदनशील आह्वान एक नई सुबह की आहट एवं क्रांति के विस्फोट की संभावना है। यह अभियान सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक संकल्प है, एक रोशनी है, एक मंजिल है, एक सकारात्मक दिशा है। एक वादा है देशभर में बाल विवाह पर जागरूकता फैलाने और समाप्त करने का। यह नये भारत-सशक्त भारत की बुनियाद है। बाल विवाह रोकने के तमाम कार्यों, योजनाओं और कानूनों के बावजूद अगर कामयाबी नहीं मिल रही है, तो जाहिर है, एक विशेष अभियान छेड़कर केन्द्र सरकार ने सराहनीय कदम उठाया है। यह राष्ट्रीय अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 22 जनवरी, 2015 को शुरू की गई प्रमुख योजना 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की सफलता से प्रेरित है, जो विकसित भारत के दृष्किोण को साकार करने के लिए लड़कियों के बीच शिक्षा, कौशल, उद्यम और उद्यमिता को बढ़ावा देने एवं बेटियों की आशाओं, आकांक्षाओं, संकल्पों से भरे सपनों की उड़ान को खुला आसमान देने में सक्षम होगा।

देश में बाल विवाह की प्रथा को रोकने, बढ़ते बाल-विवाह से प्रभावित बच्चों के जीवन को इन त्रासद परम्परागत रूढ़ियों की बेड़ियों से मुक्ति दिलाने के लिये सरकार ने बाल-विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करके एक सराहनीय एवं स्वागतयोग्य उपक्रम से हिम्मत और बदलाव की मिसाल कायम की है। यह एक शुभ संकेत एवं श्रेयस्कर जीवन की दिशा है। यह किसी समाज के लिये बेहद नकारात्मक टिप्पणी है कि सदियों के प्रयास के बावजूद वहां बाल विवाह की कुप्रथा विद्यमान है। यहां यह विचारणीय तथ्य है कि समाज में ऐसी प्रतिगामी सोच क्यों पनपती है? क्यों लोग परंपराओं के खूंटे से बंधकर अपने मासूस बच्चों एवं बचपन से खिलवाड़ करते हैं? हमें यह भी सोचना होगा कि कानून की कसौटी पर अस्वीकार्य होने के बावजूद बाल विवाह की परंपरा क्यों जारी है।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत दूरगामी मानवीय सोच से जुड़ा एक संवेदनशील आह्वान एक नई सुबह की आहट एवं क्रांति के विस्फोट की संभावना है। यह अभियान सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक संकल्प है, एक रोशनी है, एक मंजिल है, एक सकारात्मक दिशा है। एक वादा है देशभर में बाल विवाह पर जागरूकता फैलाने और समाप्त करने का। यह नये भारत-सशक्त भारत की बुनियाद है। बाल विवाह रोकने के तमाम कार्यों, योजनाओं और कानूनों के बावजूद अगर कामयाबी नहीं मिल रही है, तो जाहिर है, एक विशेष अभियान छेड़कर केन्द्र सरकार ने सराहनीय कदम उठाया है। यह राष्ट्रीय अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 22 जनवरी, 2015 को शुरू की गई प्रमुख योजना 'बेटी




बचाओ बेटी पढ़ाओ' की सफलता से प्रेरित है, जो विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए लड़कियों के बीच शिक्षा, कौशल, उद्यम और उद्यमिता को बढ़ावा देने एवं बेटियों की आशाओं, आकांक्षाओं, संकल्पों से भरे सपनों की उड़ान को खुला आसमान देने में सक्षम होगा। यह सुखद बात है कि बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 2029 तब बाल विवाह की दर को पांच प्रतिशत से नीचे लाने के मकसद से विशेष कार्य योजना बनाने का आग्रह किया है। यह बचपन की मासूमियत छीनने वाली 'बालविवाह' की बेड़ियों को तोड़ते हुए जागृति का एक शंखनाद किया है, एक समाज-क्रांति के बीज को रोपा गया है। सभी जानते हैं कि कम आयु के बच्चे अपने भविष्य के जीवन के बारे में परिपक्व फैसला लेने में सक्षम नहीं होते। साथ ही वे इस स्थिति में भी नहीं होते कि उनके जीवन पर थोपे जा रहे फैसले का मुखर विरोध कर सकें। उनके सामने आर्थिक स्वावलंबन का भी प्रश्न होता है। लेकिन अभिभावक क्यों इस मामले में दूरदृष्टि नहीं रखते? सही मायने में बाल विवाह बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ ही है। इसीलिये बाल-विवाह पर दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा कि कानून परंपराओं से ऊपर है। कोर्ट का कथन तार्किक है कि जिन बच्चों की कम उम्र में शादी करा दी जाती है क्या वे इस मामले में तार्किक व परिपक्व सोच रखते हैं? सुप्रीम कोर्ट ने कहा भी है कि यह समय की मांग है कि इस कानून को लागू करने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाए। इस बाबत उन समुदायों व धर्मों के लोगों को बताया जाना चाहिए कि बाल विवाह कराया जाना एक आत्मघाती कदम है। यह समझना कठिन नहीं है कि कम उम्र में विवाह कालांतर जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य के लिये भी घातक साबित होता है। उनकी पढ़ाई ठीक से नहीं हो पाती और वे अपनी आकांक्षाओं का कैरियर भी नहीं बना सकते। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का कथन इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। केंद्रीय मंत्री ने उचित ही कहा है कि बाल विवाह मानवधिकारों का उल्लंघन और कानून के तहत अपराध है। अच्छी बात है, सरकार ने अब एक तरह से मान लिया है कि कानून को जितना काम करना था, उसने किया इसके आगे अब विशेष अभियान की जरूरत है। बाल विवाह को रोकने के लिए अकेले कानून के भरोसे न बैठते हुए ठोस जागृति-अभियान की अपेक्षा है। अब सरकार ने इस सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिये कमर कसी है, तो उसका स्वागत होना चाहिए एवं इस अभियान को व्यापक रूप देना चाहिए। बाल विवाह की कुरीति को देश में व्यापकता से देखने को मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह मानवाधिकार उल्लंघन का सबसे खराब स्वरूप है। ठोस प्रयासों के बावजूद आज भी लगभग पांच में से एक लड़की का विवाह विधि सम्मत आयु 18 वर्ष से पहले कर दिया जाता है। किसी शहर में अगर एक विवाह सत्र में 1000 शादियां होती हैं, तो उनमें से 200 शादियों में दुल्हन की उम्र शादी लायक वैध नहीं होती। बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को यह भी बताया कि पिछले एक साल में लगभग दो लाख बाल विवाह रोके गए हैं। मतलब, सामाजिक संस्थाएं और पुलिस काम तो कर रही हैं, पर मंजिल अभी दूर है। बाल विवाह की सर्वाधिक संख्या पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, राजस्थान, बिहार, झारखण्ड, असम और आंध्रप्रदेश में है। देश में 300 ऐसे जिले हैं, जहां बाल विवाह की दर राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। ऐसा लग रहा है, लोग बेटियों का जीवन तो बचा रहे हैं, प्राथमिक शिक्षा भी देने लगे हैं।

# जसप्रीत बुमराह में अच्छा कप्तान बनने के सभी गुण हैं, चेतेश्वर पुजारा ने की तारीफ

एजेंसी




**नई दिल्ली।** स्टार बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह में अच्छा कप्तान बनने के सभी गुण मौजूद हैं और भारत को रोहित शर्मा के इस पद से हटने के बाद उन्हें कप्तानी के दीर्घकालिक विकल्प के रूप में देखना चाहिए। बुमराह ने रोहित की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में अपने नेतृत्वकौशल का अच्छा नमूना पेश किया था और भारत को बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। पुजारा ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, इसमें कोई संदेह नहीं कि वह (दीर्घकालिक कप्तानी का व्यवहारिक विकल्प) हैं। भारत जब घरेलू धरती पर श्रृंखला में करारी हार झेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया में पहला टेस्ट मैच खेल रहा था तब इन मुश्किल परिस्थितियों में उन्होंने अपने नेतृत्वकौशल की शानदार बानगी पेश की। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि उनमें टीम का नेतृत्व करने की क्षमता है और वह एक टीम मैन हैं। आप उन्हें देखिए, वह कभी भी केवल अपने बारे में बात नहीं करते, वह टीम और अन्य खिलाड़ियों के बारे में बात करते हैं। भारत को न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू श्रृंखला में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे लगातार तीसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाने की उसकी उम्मीदों को भी काफी झटका लगा। पुजारा ने कहा,कई बार ऐसा होता है जब खिलाड़ियों को सलाह की ज़रूरत नहीं होती और वह इसे स्वीकार करते हैं। उनका मानना है कि अगर कोई अनुभवी खिलाड़ी है तो वह शांत रहेगा। यह एक अच्छे कप्तान की निशानी है। इस स्टार बल्लेबाज ने बुमराह के बारे में आगे कहा, वह ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों के साथ बहुत दोस्ताना व्यवहार करते हैं और मदद करने के लिए उत्सुक रहते हैं और बातचीत करने के लिए वह अच्छे इंसान हैं। क्रिकेट से इतर भी वह विनम्र हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ छह दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में रोहित शर्मा कप्तान के रूप में वापसी करेंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले दूसरे दिन रात्रि टेस्ट मैच को लेकर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि लाल और गुलाबी गेंद में अंतर होता और शाम के समय गुलाबी गेंद से खेलना चुनौतीपूर्ण होता है। पुजारा ने कहा, जिसने भी गुलाबी गेंद से टेस्ट खेला है वह आपको बताएगा कि शाम के समय बल्लेबाजी करना सबसे मुश्किल होता है। उस समय रोशनी पूरी तरह से नहीं होती है, ना ही पूरा अंधेरा होता है उस समय स्टेडियम की लाइट जलाई जाती है और तब आपको थोड़ा कम दिखता है। उस समय बल्लेबाजों के लिए गुलाबी गेंद खेलना अधिक चुनौतीपूर्ण होता है।

उन्होंने, आपने देखा होगा कि लाल गेंद अधिक चमकती नहीं होती है। इसमें पेंट की कुछ अधिक लेयर होती हैं, जो जल्दी से नहीं जाती है। जब आप लाल गेंद का सामना कर रहे हो तो यह आम लेदर गेंद है जो जल्दी से पुरानी हो जाती है। जबकि गुलाबी गेंद में अधिक समय तक चमक बनी रहती है।

# दिन-रात्रि टेस्ट मैच अप्रत्याशित हो सकता है बस पूरी तरह से तैयार रहना होगा: स्टीव स्मिथ

एजेंसी




**एडिलेड।** भारतीय टीम ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के शुरुआती मैच में दबदबे वाल प्रदर्शन किया लेकिन ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्टीव स्मिथ ने दिन-रात्रि के दूसरे टेस्ट मैच को अप्रत्याशित करार देते हुए कहा कि उनका 'ध्यान' गुलाबी गेंद से खेले जाने वाले टेस्ट की चुनौतियों से निपटने पर है। पांच मैचों की श्रृंखला में पहला टेस्ट बड़े अंतर से गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया दबाव में है। श्रृंखला का दूसरा टेस्ट शुक्रवार से यहां खेला जायेगा।

स्टार स्पोर्ट्स द्वारा जारी वीडियो में स्मिथ ने कहा, '' गुलाबी गेंद से दिन या रात के अलग-अलग समय पर अलग तरह की चुनौती मिलती है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कहां बल्लेबाजी कर रहे हैं। उस समय परिस्थितियां और गेंद की स्थिति के साथ अन्य चीजें कैसी हैं।'' उन्होंने कहा, '' मैं ऐसे में पूरी तरह से तैयार रहना चाहता हूं। गुलाबी गेंद कई बार अप्रत्याशित हरकत करती है। ऐसे में पूरी तरह से एकाग्र रहने पर ध्यान देना होता है।''

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भी गुलाबी गेंद से टेस्ट खेलने की चुनौतियों पर बात की, लेकिन उनका मानना है कि खेल की मूल बातें वही रहेंगी। कमिंस ने कहा, ''मुझे लगता है कि सभी मूल बातें वास्तव में सामान्य टेस्ट की तरह ही होंगी। आप जानते हैं कि कभी-कभी खेल अलग-अलग गति से चलता है क्योंकि गेंद पुरानी और नरम हो जाती है लेकिन यह टेस्ट क्रिकेट है।

# अंडर-19 एशियाकप: पाकिस्तान ने यूएई को 69 रनों से हराया

एजेंसी




**दुबई।** शाहजेब खान (132) और मुहम्मद रियाजुल्लाह (106) रनों की बेहतरीन शतकीय पारियों के बाद अब्दुल सुभान (छह विकेट) की दमदार गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने सोमवार को अंडर-19 एशियाकप के ग्रुप ए के सातवें मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 69 रनों से हरा दिया है।

315 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 57 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये थे। यायिन राय (18), आर्यन सक्सेना (24) और अक्षत राय (पांच) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद एथन डिसूजा, मुहम्मद रेयान ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिय 113 रनों की साझेदारी हुई। मुहम्मद रेयान ने 66 गेंदों में एक चौके और तीन छक्के लगाते हुए (50) रन बनाये। नूरुल्लाह अयोबी (एक), अयान अफजल खान (15), अब्दुल्ला तारिक (एक) रन बनाकर आउट हुये।एथन डिसूजा ने 102 गेंदों में 11 चौके लगाते हुए (84)रनों की पारी खेली। यूएई की टीम निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 245 रन ही बना सकी और 59 रनों से मुकाबला हार गई।

पाकिस्तान की ओर से अब्दुल सुभान ने छह विकेट लिये। मोहम्मद अहमद ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। इससे पहले आज यहां संयुक्त अरब अमीरात ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की उस्मान खान ओर शाहजेब खान की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 94 रन जोड़े। 20वें ओवर में उदिश सूरी ने उस्मान खान (41) को आउट कर यूएई को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मुहम्मद रियाजुल्लाह ने शाहजेब खान के साथ दूसरे विकेट लिये 183 रन जोड़े। 46वें ओवर में नूरुल्लाह अयोबी ने शाहजेब खान को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

## अंडर-19 एशिया कप: भारत ने जापान को लिया 340 रनों का लक्ष्य

**शारजाह।** कप्तान मोहम्मद अमान (नाबाद 122) की शतकीय, आयुष म्हात्रे (54) और केपी कार्तिकेय (57) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने सोमवार को अंडर-10 एशिया कप के आठवें मुकाबले में जापान को जीत के लिए रनों 340 का लक्ष्य दिया हैं। आज यहां जापान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 65 रन जोड़े। आठवें ओवर में चार्ल्स हिंजे ने वैभव सूर्यवंशी (23) को आउट कर जापान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 11वें ओवर में आर तिवारी ने आयुष म्हात्रे (50) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। आंद्रे सिद्धार्थ (37),निखिल कुमार (12), हरवंश पंगालिया (एक) रन बनाकर आउट हुये।

# अगले ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की जीत महत्वपूर्ण: रानी रामपाल

एजेंसी

**रोहतक।** पूर्व कप्तान रानी रामपाल का मानना है कि भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब बेहद महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि यह लॉस एंजिल्स में होने वाले अगले ओलंपिक खेलों के लिए उसकी तैयारी की शुरुआत है। भारतीय महिला हॉकी टीम इस पूरे साल संघर्ष करती रही और वह पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही। भारतीय टीम हालांकि हाल में अपना तीसरा एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने में सफल रही। रानी ने कहा, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की जीत हमारी महिला हॉकी टीम के लिए तैयारी के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है। इससे उसने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए अपनी तैयारी की शुरुआत कर दी है। यह अच्छी शुरुआत है। कोच हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी।'' इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले महीने हॉकी से संन्यास ले लिया था। इससे पहले उन्हें भारत की सब जूनियर महिला टीम का कोच नियुक्त किया गया था। रानी ने कहा, ''सब जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम करने का मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा और मैंने इससे काफी कुछ सीखा। वे युवा लड़कियां थीं जो मेरे जैसी ही पृष्ठभूमि से आती हैं। उनके मुद्दों को समझना और उनका मार्गदर्शन करना आसान था। उन्होंने कोच के तौर पर अपने अनुभव के बारे में कहा,''मैंने उनसे कहा कि अगर मैं सफल हो सकती हूं तो आप भी सफलता हासिल कर सकती हो। उन्हें मार्गदर्शन की जरूरत है और मैंने उनके साथ अपने अनुभव साझा करके उन्हें वह मार्गदर्शन देने की कोशिश की। यह पूर्व स्ट्राइकर आगामी हॉकी इंडिया लीग में सूरमा हॉकी क्लब के लिए मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में काम करेगी। इसमें पहली बार महिलाओं का टूर्नामेंट भी होगा। रानी ने 2008 में 14 साल की उम्र में ओलंपिक क्वालीफायर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया था।



# पर्यावरणीय सुरक्षा दुनिया का सामूहिक दायित्व पर क्षति के लिए विकासशील देश दोषी नहीं: गोयल

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि पर्यावरण सुरक्षा एवं स्वस्थ विकास के लक्ष्यों में सहयोग हर देश की जिम्मेदारी बनती है पर वैश्विक स्तर पर पर्यावरण को हुए नुकसान के लिए ग्लोबल साउथ (दक्षिणी गोलार्ध के विकासशील देश) दोषी नहीं बल्कि यह हानि विकसित देश हैं जिन्होंने सस्ती ऊर्जा का जम कर लाभ उठाया है।

श्री गोयल ने कहा कि साझा आपूर्ति श्रृंखलाओं और स्थिरता के प्रति जिम्मेदारियों को देशों की सामूहिक लेकिन अलग-अलग स्तर की जिम्मेदारी के माध्यम से पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर काम करना होगा, लेकिन पर्यावरण समस्या में उनके योगदान के आधार पर सभी को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। श्री गोयल यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के भागीदारी शिखर सम्मेलन 2024 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

उद्घाटन सत्र में इटली, इज़राइल , भूटान, बहरीन, अल्जीरिया, नेपाल, सेनेगल, दक्षिण अफ्रीका, म्यांमार, कतर के व्यापार मंत्री और कंबोडिया वाणिज्य विभाग के मंत्री और प्रतिनिधि उपस्थित थे। उन्होंने कहा पर्यावरण की सुरक्षा और स्वस्थ तरीके से विकास दुनिया की साझा जिम्मेदारी है लेकिन दक्षिण के विकासशील देश वैश्विक पर्यावरण को होने वाले नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए श्री गोयल ने कहा कि भारत ग्लोबल साउथ के देशों को मित्रता और साझेदारी का भरोसा प्रदान करता है। श्री गोयल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ऑटोमेशन का रोजगार के भविष्य और बदलती नौकरी प्रोफाइल के अनुकूल होने के लिए आवश्यक कौशल पर प्रभाव पड़ेगा। प्रौद्योगिकी जीवन को बदल देगी और आजीविका की प्रकृति को बदल देगी, लेकिन परंपरा और संस्कृति को भी समान रूप से बनाए रखना होगा। उन्होंने जोर दिया कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए उन्हें शिक्षा और कौशल के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता है।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी

एजेंसी




**मुंबई।** विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर रियल्टी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कमोडिटीज, हेल्थकेयर और धातु समेत 18 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी मजबूती रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 445.29 अंक की छलांग लगाकर 80,248.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 143.50 अंक उछलकर 24,274.60 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 46,555.59 अंक और स्मॉलकैप 0.84 प्रतिशत मजबूत होकर 55,662.71 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2508 में लिवाली जबकि 1550 में बिकवाली हुई वहीं 179 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 33 कंपनियों में तेजी जबकि 17 में गिरावट रही। बीएसई के 18 समूहों में बढ़त का रुख रहा। इससे रियल्टी 3.16, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.26, कमोडिटीज 1.59, सीडी 1.14, ऊर्जा 0.52, वित्तीय सेवाएं 0.22, हेल्थकेयर 1.21, इंडस्ट्रियल्स 0.44, आईटी 1.02, दूरसंचार 0.73, ऑटो 0.79, कैपिटल गुड्स 0.37, धातु 1.28, तेल एवं गैस 0.15, पावर 0.28, टेक 0.83, सर्विसेज 0.85 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.89 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.16, जापान का निक्केई 0.80, हांगकांग का हैंगसेंग 0.65 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.13 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि ब्रिटेन के एफ़टीएसई में 0.08 प्रतिशत की गिरावट रही।

# जैविक खाद्य उत्पादों का निर्यात चालू वित्त वर्ष में नवंबर के अंत तक 45 करोड़ डालर

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारत से जैविक खाद्य उत्पादों का निर्यात पिछले पांच वर्ष में कुल मिला कर 370.14 करोड़ डालर के बराबर रहा जबकि चालू वित्त वर्ष में नवंबर के अंतिम सप्ताह तक निर्यात करीब 45 करोड़ डालर तक था । यह जानकारी सरकार ने सोमवार को संसद में दी।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से 25 नवंबर तक जैविक खाद्य उत्पादों 44.77 करोड़ डालर रहा जबकि पिछले वित्त वर्ष की पूरी अवधि में निर्यात 49.48 करोड़ डालर था। उन्होंने बताया कि देश में राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमाणित जैविक प्रसंस्करण इकाइयों की कुल संख्या 1016 है। वर्ष 2019-20 में जैविक खाद्य उत्पादों का निर्यात 68.91 करोड़ डालर, 2020-21 में 104.1 करोड़ डालर, 2021-22 में 77.2 करोड़ डालर और 2022-23 में 70.8 करोड़ डालर के बराबर था। श्री बिट्टू ने बताया कि केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) जैविक खाद्य उत्पादों के निर्यातकों सहित सदस्य निर्यातकों को, निर्यात अवसंरचना का विकास, गुणवत्ता विकास और बाजार विकास के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराता है। इसके अतिरिक्त, कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य-उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) भी लागू कर रहा है।

## सौंदर्य चिकित्सा पर आधारित कॉसकॉन 2024 संपन्न

**नयी दिल्ली।** प्रौद्योगिकी के उपयोग और सतत विकास को ध्यान में रखते हुये सौंदर्य चिकित्सा पर आयोजित दो दिवसीय कॉसकॉन 2024 संपन्न हो गया है जिसमें दुनिया भर के विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे हैं। द इंडियन सोसाइटी ऑफ एस्थेटिक मेडिसिन द्वारा आयोजित इस कॉसकॉन 2024 में फ्रांस, इटली, स्पेन, ग्रीस, जर्मनी, दक्षिण कोरिया, केन्या, कोलंबिया, मैक्सिको, इंडोनेशिया, रूस, यूक्रेन, यूएई सहित 25 से अधिक देशों के विशेषज्ञों ने भाग लिया। संगठन के अध्यक्ष डॉ. अजय राणा ने आज यहां यह जानकारी देते हुये कहा कि 25 से अधिक देशों के वक्ताओं ने चिकित्सा, स्वास्थ्य, विज्ञान और नवाचार क्षेत्र में अपने विचार रखे। यह एस्थेटिक मेडिसिन पर दूसरा सालाना सम्मेलन है। इस बार विचारक, नीति निर्माता और सम्मानित अतिथि सहित 1,500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। डॉ. राणा ने कहा, कॉस्कॉन 2024 एक विशिष्ट अवसर है जब हम विज्ञान प्रौद्योगिकी और सस्टेनबल डेवलपमेंट का नया भविष्य निर्माण करने के लक्ष्य से ग्लोबल लीडर, नीति निर्माता और इनोवेटर सभी को एकजुट करते हैं।

# निजी उपभोग, वाणिज्यिक उपयोग वाली खदानों के नवंबर के कोयला उत्पादन, प्रेषण में उल्लेखनीय वृद्धि

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** कोयला मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आकंड़ों के अनुसार कैप्टिव (निजी उपभोग की) और वाणिज्यिक खदानों से नवंबर 2024 में कुल कोयला उत्पादन 167.43 लाख टन रहा जो सालाना आधार पर करीब 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर 2024 के दौरान कैप्टिव और वाणिज्यिक उत्पादन 1126.5 लाख टन तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 836 लाख टन से 34.7 प्रतिशत ऊंचा है। मंत्रालय ने कहा है, कैप्टिव और वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन और प्रेषण के नवीनतम आंकड़ों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। नवंबर, 2024 में निजी उपभोग और वाणिज्यिक उपयोग की खदानों का सम्मिलित दैनिक औसत उत्पादन 5.58 लाख टन था, जो नवंबर 2023 में दैनिक औसत 3.96 लाख टन की तुलना में 40.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इन दोनों श्रेणियों की खानों द्वारा कोयले के प्रेषण में भी इस दौरान उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गयी। अप्रैल- नवंबर, 2024 के बीच कैप्टिव और कमर्शियल खदानों से कुल प्रेषण 1196.2 लाख टन तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 893.2 लाख टन से 33.9 प्रतिशत अधिक है। नवंबर 2024 में, इन खदानों से कुल कोयला प्रेषण 161.09 लाख टन था, जिसमें दैनिक औसत प्रेषण 5.37 लाख टन था, जो नवंबर 2023 में दैनिक औसत 4.21 लाख टन की तुलना में 27.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

## मारुति के वाहनों की नवंबर में बिक्री 10.4 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के वाहनों की इस वर्ष नवंबर में कुल बिक्री (घरेलू बिक्री+निर्यात) इसके पिछले वर्ष की समान अवधि के 164439 के मुकाबले 10.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 181531 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी ने सोमवार को बयान जारी कर बताया कि नवंबर 2024 में उसने कुल 181531 वाहनों की बिक्री की, जो नवंबर 2023 के 164439 इकाई की तुलना में 10.4 प्रतिशत अधिक है। इसमें उसकी घरेलू बाजार में कुल बिक्री 141489 से बढ़कर 152898 इकाई और कुल निर्यात 22950 से बढ़कर 28633 इकाई रहा। इस अवधि कंपनी मिनी और कॉम्पैक्ट सेगमेंट के वाहनों की बिक्री 74638 से घटकर 71123 इकाई रही वहीं यात्री वाहनों की बिक्री 134158 से बढ़कर 141312 इकाई पर पहुंच गई।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्वीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007

# भारत-मलेशिया संयुक्त सैन्य अभ्यास हरिमाऊ शक्ति मलेशिया में शुरू

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत-मलेशिया संयुक्त सैन्य अभ्यास हरिमाऊ शक्ति सोमवार को मलेशिया के पहांग जिले के बेंटोंग कैंप में शुरू हो गया। यह इस अभ्यास का चौथा संस्करण है और यह 15 दिसंबर तक चलेगा। भारतीय टुकड़ी में 78 सैनिक हैं और ये महार रेजिमेंट की बटालियन के हैं। मलेशियाई रेजिमेंट की टुकड़ी में 123 सैनिक हैं ।



संयुक्त अभ्यास हरिमाऊ शक्ति वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जो भारत और मलेशिया में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। पिछला संस्करण गत नवंबर में मेघालय की उमरोई छावनी में हुआ था। संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र अधिदेश के अध्याय सात के तहत जंगल क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है। यह अभ्यास जंगल के वातावरण में अभियानों पर केंद्रित होगा। अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहले चरण में दोनों सेनाओं के बीच क्रॉस ट्रेनिंग पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें व्याख्यान, प्रदर्शन और जंगल के इलाकों में विभिन्न अभ्यास शामिल हैं। अंतिम चरण में दोनों सेनाएं एक मॉक अभ्यास में सक्रिय रूप से भाग लेंगी, जिसमें सैनिक एंटी-एमटी एंबुश, बंदरगाह पर कब्जा, टोही गश्त, घात लगाना और आतंकवादियों द्वारा कब्जा किए गए क्षेत्र पर हमले सहित विभिन्न अभ्यास करेंगे।

हरिमाऊ शक्ति अभ्यास से दोनों पक्षों को संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में सर्वोत्तम अभ्यास साझा करने का अवसर मिलेगा। इससे दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालन और सौहार्द विकसित करने में मदद मिलेगी। संयुक्त अभ्यास से रक्षा सहयोग भी बढ़ेगा, जिससे दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध प्रगाढ होंगे।

## सरकार के खिलाफ कांग्रेस 16 को करेगी विधानसभा घेराव

एजेंसी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा मे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए आज कहा कि कांग्रेस आगामी 16 दिसंबर को विधानसभा सत्र के पहले दिन प्रदेशव्यापी महामार्च निकालकर विधानसभा का घेराव करेगी।

श्री पटवारी और श्री सिंघार ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान ये बात कही। श्री पटवारी ने कहा कि प्रदेश में पिछले एक साल में भारतीय जनता पार्टी सरकार ने जनता से किए एक भी वादे को पूरा नहीं किया है। प्रदेश में हर दिन कर्ज़ बढ़ता जा रहा है, आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। जनहित की लड़ाई में इन सब मुद्दों को लेकर कांग्रेस 16 दिसंबर को प्रदेशव्यापी विधानसभा का घेराव करने जा रही है। श्री पटवारी ने प्रदेश में भयावह होती आर्थिक स्थिति का आरोप लगाते हुए सरकार से श्वेत पत्र लाने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में क्राइम, कर्ज और करप्शन की सरकार चल रही है। श्री पटवारी ने कहा कि भाजपा ने एक साल पहले जनता को मूलभूत सुविधाएं देने के साथ, अन्य जनहितैषी योजनाओं को लेकर जो संकल्प पत्र जारी किया था वह प्रदेश सरकार पूरी तरह से भूल गई है। संकल्प पत्र के विपरीत भाजपा ने प्रदेश के हर वर्ग को धोखा दिया है। भाजपा को अपने संकल्प पत्र के वादे याद दिलाने के लिए कांग्रेस 16 दिसम्बर को प्रदेशव्यापी महामार्च निकालकर विधानसभा का घेराव करेगी। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री सिंघार ने सवाल किया कि किसान खाद के लिए परेशान हैं। महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं, आदिवासी और दलितों को परेशान किया जा रहा है, जल जीवन मिशन में भारी भ्रष्टाचार है और गाँव में लोगों के पास पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। सरकार ने अपना कोई भी वादा जो अपने संकल्प पत्र में किया था वो नहीं निभाया है।

## संक्षिप्त सामाचार

### एनसीआर में वायुप्रदूषण से निपटने के लिए लागू प्रतिबंधों ढील देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी प्रक्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए लागू प्रतिबंधों में ढील देने से इनकार करते हुए सोमवार को कहा कि संबंधित आंकड़ों की समीक्षा के बाद वह 05 दिसंबर को किसी प्रकार की छूट देने पर विचार करेगा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी की ढील देने की गुहार अस्वीकार करते हुए कहा कि वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली में लगाए गए ग्रेडेड एक्शन रिस्पांस प्लान (जीआरएपी) स्टेज-4 के तहत तमाम प्रतिबंध लागू रहेंगे। पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल की मांग खारिज करते हुए कहा, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) स्थिर नहीं है। इसमें वृद्धि हुई है। हम आपके सुझावों पर गौर करेंगे, लेकिन आज हम ढील देने की अनुमति नहीं दे सकते। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह वायु गुणवत्ता सूचकांक में गिरावट के रुझानों का विश्लेषण करने के बाद सीएक्यूएम द्वारा प्रस्तावित ढील पर गुरुवार को कोई फैसला लेगी।

### डेका का आयुष विभाग के चिकित्सकों ने किया प्रकृति परीक्षण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका का सोमवार को यहां राजभवन में आयुष विभाग के चिकित्सकों ने प्रकृति परीक्षण किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ आयुर्वेद एवं युनानी चिकित्सा पद्धति और नेचरोपैथी काउंसिल रायपुर के रजिस्ट्रार डॉ. संजय शुक्ला, आयुष विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. सुनिल दास, शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय रायपुर के प्राचार्य डॉ. जी.आर चतुर्वेदी, डॉ. विनय भारद्वाज और डॉ. ओपी राउत उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा देश का प्रकृति परीक्षण अभियान आरंभ किया गया है। यह अभियान संविधान दिवस 26 नवंबर से प्रारंभ है और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस 25 दिसंबर तक चलेगा जिसमें देश व प्रदेश के आयुर्वेद विधा से जुड़े शासकीय एवं निजी शिक्षक, चिकित्सक, छात्र-छात्राओं सहित राज्य में 15 लाख नागरिकों का मोबाइल एप के द्वारा आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुरूप प्रकृति (वात, पित्त, कफ) परीक्षण किया जाएगा।

### चक्रवात फेंगल हुआ कमजोर, कृष्णागिरी के आसपास के जिलों में रिकॉर्ड बारिश

**चेन्नई।** चक्रवाती तूफान फेंगल सोमवार को कमजोर पड़ गया और मंगलवार को इसके पूर्वी मध्य अरब सागर में उभरने की संभावना है। इस बीच कृष्णागिरी के उथांगराई सहित आसपास के जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान रिकॉर्ड 50 सेमी बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरी तटीय तमिलनाडु और पुडुचेरी पर बना दबाव उत्तरी आंतरिक तमिलनाडु की ओर सक्रिय होने के बाद आज सुबह 0530 बजे निम्न दबाव क्षेत्र में कमजोर हो गया। अवशिष्ट निम्न दबाव का क्षेत्र बनने से कल उत्तरी केरल-कर्नाटक तटों से दक्षिण-पूर्व और आसपास के पूर्व-मध्य अरब सागर में उभरने की संभावना जतायी गयी है। इसके असर से तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल क्षेत्र में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम तथा एक या दो स्थानों पर गरज के साथ बारिश हो सकती है। चेन्नई शहर और उसके आस-पास के इलाकों में अगले तीन दिनों तक कुछ इलाकों में गरज के साथ हल्की और मध्यम बारिश और बिजली गिरने का पूर्वानुमान है।

## तमिलनाडु में भूस्खलन, एक ही परिवार के सात सदस्य फंसे

एजेंसी

**तिरुवन्नामलाई।** तमिलनाडु में चक्रवात 'फेंगल' के कारण हुई भारी बारिश के बाद तिरुवन्नामलाई में अन्नामलाईयार पहाड़ियों की निचली ढलान पर स्थित एक मकान भूस्खलन की चपेट में आ गया, जिसमें दो परिवारों के पांच बच्चों सहित सात सदस्यों के फंसे होने की आशंका है। जिला कलेक्टर डी. भास्कर पांडियन ने बचाव अभियान का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों को बताया कि वीओसी नगर में 11वीं स्ट्रीट पर स्थित घर पहाड़ियों पर भूस्खलन के बाद मिट्टी और मलबे में दब गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस, तमिलनाडु अग्निशमन और बचाव कर्मियों को सूचना दी, जिसके बाद, सभी टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं और फंसे हुए लोगों को बचाने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने बताया कि लगातार भारी बारिश के कारण बचाव अभियान में बाधा आ रही है। इसके अलावा, एक बड़ा पत्थर ढलान से लुढ़कने के कगार पर है। संकरी सड़कें और अन्य बाधाओं के कारण जेसीबी जैसी भारी मशीनों को काम में नहीं लगाया गया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने आज सुबह घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया। श्री पांडियन ने बताया कि बचाव कर्मी अपने मोबाइल फोन के माध्यम से परिवार के सदस्यों से संपर्क स्थापित करने में असमर्थ हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कई घर और दोपहिया वाहन या तो क्षतिग्रस्त हो गए या आंशिक रूप से मलबे के नीचे दब गए। उन्होंने कहा कि उस क्षेत्र के निवासियों को निकाला गया और एक सरकारी स्कूल में आश्रय दिया गया।

# राजस्व सेवा के अधिकारी देश की आर्थिक सीमाओं के संरक्षकः मुर्मु

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राजस्व सेवा के अधिकारियों को देश की आर्थिक सीमाओं का संरक्षक करार देते हुए कहा कि उन्हें हमेशा ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करना होगा क्योंकि दूसरे देशों के साथ व्यापार को सुगम बनाने के समझौतों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।



श्रीमती मुर्मु ने सोमवार को यहां भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के प्रशिक्षु अधिकारियों से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) हमारी अर्थव्यवस्था को एक समान कर प्रणाली और साझा प्रशासनिक मूल्यों के माध्यम से जोड़ती है। यह सेवा देश के कर प्रशासन में एकरूपता को बढ़ावा देती है। भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी सरकार, व्यापार और विभिन्न राज्यों के कर प्रशासन के बीच बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि विश्व में बदलते सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में राष्ट्रीय हित का एजेंडा काफी हद तक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग से तय होता है। राजस्व सेवा के अधिकारी देश की आर्थिक सीमाओं के संरक्षक हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उन्हें हमेशा ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करना होगा। उनकी भूमिका दूसरे देशों के साथ व्यापार सुगम बनाने के समझौतों में भी महत्वपूर्ण होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) देश को आर्थिक विकास और बुनियादी ढांचे के निर्माण, सामाजिक-आर्थिक योजनाओं के संचालन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने जैसे कार्यों के लिए संसाधनों का उपयोग करने में सक्षम बनाती है। यह कार्य राष्ट्र निर्माण में भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हैं। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि प्रशासक के रूप में अपनी भूमिका के निर्वहन के लिए, उन्हें ऐसी प्रणालियाँ और प्रक्रियाएँ विकसित करने की ज़रूरत है जो पारदर्शी हों और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करें। राष्ट्रपति ने कहा कि इस नए और गतिशील युग में कर संग्रह में कम हस्तक्षेप और प्रौद्योगिकी का अधिक उपयोग करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

# सफल अभ्यर्थी युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बनेः साय

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोक सेवा आयोग की सिविल परीक्षा 2023 की प्रावीण्य सूची में आए सफल अभ्यर्थियों से कहा कि आप लोगों ने आयोग की ओर से आयोजित सिविल सेवा की कठिन परीक्षा में शीर्ष स्थान अर्जित किया है, निश्चित रूप से आप लोग युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बन चुके हैं।



श्री साय ने सोमवार को कहा कि आपने अपनी मेहनत, संकल्प और समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है। आपकी यह सफलता आपके परिवार, आपके शिक्षकों की भी सफलता है। जो युवा साथी भविष्य में ऐसी ही सफलता हासिल करना चाहते हैं, वे अब आपकी ओर देखेंगे। वे जानना चाहेंगे कि आपने इस सफलता के लिए किस तरह तैयारियां कीं, कितनी मेहनत की। मुझे खुशी है कि आप जैसी युवा प्रतिभाएं अब प्रशासन में महत्वपूर्ण दायित्व संभालेंगी। मुझे आपसे यही कहना है कि जितनी पारदर्शिता के साथ आपका चयन हुआ है, आप उतनी ही पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वाह करें और प्रदेश में सुशासन स्थापित करने के हमारे लक्ष्य को हासिल करने में भागीदार बने। श्री साय ने कहा कि आपको हमेशा यह भी याद रखना होगा कि आगे आपकी भूमिका लोक-सेवक की होगी। आपको अपने दायित्वों निर्वहन में धैर्य, विनम्रता और लोक-सेवक की सीमाओं का हमेशा ध्यान रखना होगा। श्री साय ने आज अपने निवास पर आमंत्रित छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग वर्ष 2023 की परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के साथ संवाद के दौरान यह बातें कही। उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को सफलता के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी। श्री साय ने कहा कि आप सभी छत्तीसगढ़ के विकास में अपनी भूमिका निभाने जा रहे हैं। आम जनमानस में प्रशासन का विश्वास कायम रखने की दिशा में आप सभी को संवेदनशीलता से प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का जो संकल्प रखा है, वह स्वामी विवेकानंद के चिंतन और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की तरह दृढ़ निश्चयी होने से ही पूरा हो सकता है। आप सभी को इन्हीं आदर्शों के साथ अपने जीवन लक्ष्यों को पाने की दिशा में आगे बढ़ना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित करने का निर्णय लिया है और परीक्षा परिणामों में यह साफ नजर आ रहा है। यह दिन आम लोगों के लिए खास बन गया है और मेहनत करने वालों की जीत हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रतियोगी परीक्षाओं को किस प्रकार और अधिक पारदर्शी और बेहतर बना सकते हैं, इस दिशा में भी हम प्रयासरत हैं । उन्होंने अभ्यर्थियों से परीक्षा के दौरान आने वाली चुनौतियों और उनके अनुभव के बारे में जाना।

# 'नेतृत्वविहीन भाजपा' स्थानीय निकाय चुनावों का सामना कैसे करेगी : ग्रेवाल

एजेंसी

**फगवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुखमिंदर सिंह ग्रेवाल ने सोमवार को भाजपा आला कमान से जानना चाहा कि पंजाब में हाल में हुए उपचुनावों में हार के बाद 'नेतृत्वविहीन पार्टी' स्थानीय निकाय चुनावों का सामना कैसे करेगी।



श्री ग्रेवाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आला कमान पंजाब प्रदेशअध्यक्ष सुनील जाखड़ के इस्तीफे के मुद्दे पर चुप्पी क्यों साधे हुए है? न तो उनका इस्तीफा स्वीकार जा रहा है और न ही पंजाब इकाई के नए अध्यक्ष की नियुक्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि श्री जाखड़ के इस्तीफे के बारे में निर्णय करने की इच्छा शक्ति के अभाव में भाजपा लगातार अपनी जमीन खो रही है। श्री ग्रेवाल ने कहा कि श्री जाखड़ के कई बयानों के बावजूद भाजपा नेतृत्व पंजाब के लोगों के हितों की दिशा में पहल नहीं कर रहा है।

उन्होंने जानना चाहा कि क्या पंजाब भाजपा आला कमान के एजंडे पर है भी या नहीं? उन्होंने कहा कि आला कमान को श्री जाखड़ की शिकायतों और सुझावों को सुनना चाहिए या फिर उनके इस्तीफे पर फैसला लेने तक किसी को कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति करनी चाहिए ताकि पार्टी स्थानीय निकाय चुनाव जीत सके। उल्लेखनीय है कि श्री जाखड़ करीब तीन महीने पहले प्रदेशाधयक्ष पद से इस्तीफा दे चुके हैं लेकिन पार्टी नेतृत्व उनके इस्तीफे पर निर्णय नहीं ले रहा। पहले तो पार्टी नेता यही कहते रहे कि श्री जाखड़ 'नाराज' नहीं हैं और सब ठीक है। पार्टी बैठकों में वह निजी कारणों से उपस्थित नहीं हो रहे। हाल में लेकिन श्री जाखड़ ने खुद स्वीकार किया कि लोकसभा चुनाव में पंजाब में पार्टी के खराब प्रदर्शन की जिम्मेवारी स्वीकार करते हुए वह अपना इस्तीफा सौंप चुके हैं।

## आदिम जनजाति,पहाड़िया समाज के सर्वांगीण विकास केलिए विशेष समिति का गठन करे राज्य सरकार: बाबूलाल मरांडी

एजेंसी

**रांची।** झारखंड में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सलाह देते हुए राज्य के आदिम जनजातियों विशेषकर संथाल परगना क्षेत्र में निवास करने वाली पहाड़िया समाज की सामाजिक आर्थिक स्थिति पर चिंता भी व्यक्त की है।



श्री मरांडी ने आज सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि झारखंड की आदिम जनजातियों, विशेष रूप से पहाड़िया समाज की आर्थिक और सामाजिक स्थिति किसी से छिपी नहीं है। आज भी यह समुदाय विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है और बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। इनके गांवों तक आवागमन के लिए न तो सड़कों की उचित पहुंच है और न ही इन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल पाता है। श्री मरांडी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पीने का पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी घोर अभाव है। कुपोषण, एनीमिया, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां इनके जीवन का हिस्सा बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़िया समाज के उत्थान के लिए बनाई गई योजनाओं का लाभ भी अधिकतर बिचौलिए हड़प लेते हैं। श्री मरांडी ने कहा कि इन पहाड़ी क्षेत्रों में उनके लगातार दौरे में पहाड़िया समाज कि दयनीय स्थिति को देखकर यह साफ जाहिर होता है कि उनकी हालत बेहद चिंताजनक है।कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी आदिम जनजाति समाज कि ऐसी स्थिति राज्य केलिए चिंताजनक है। उन्होंने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि झारखंड की आदिम जनजातियों, विशेषकर पहाड़िया समाज के समग्र उत्थान के लिए एक विशेष समिति का गठन किया जाए। समिति द्वारा किए गए सर्वेक्षण और सिफारिशों के आधार पर एक वर्ष की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके। श्री मरांडी ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि इस महत्वपूर्ण विषय पर अगले कैबिनेट में मुख्यमंत्री निर्णय लेकर विशेष समिति बनाकर पहाड़िया जनजाति के गाँवों में ज़मीनी सच्चाई देखने भेजेंगे और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर पुण्य के भागी बनेंगे।

## भाजपा ने यतनाल को अनुशासनात्मक नोटिस जारी किया

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कर्नाटक के विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें बार-बार अनुशासनहीनता करने, पार्टी के निर्देशों की अवहेलना करने और पार्टी के आधिकारिक रुख के विपरीत सार्वजनिक बयान देने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। भाजपा की केंद्रीय अनुशासन समिति द्वारा एक दिसंबर को जारी किये गये नोटिस में कई चेतावनियों के बावजूद श्री यतनाल द्वारा राज्य नेतृत्व की निरंतर आलोचना और पार्टी मानदंडों के प्रति उनकी उपेक्षा का जिक्र किया गया है। समिति ने रेखांकित किया कि विधायक की ओर से अच्छे आचरण के पिछले आश्वासन के बावजूद वह अपने क्रियाकलापों पर अंकुश लगाने में विफल रहे और लगातार उल्लंघन कर रहे हैं।

समिति के सदस्य सचिव ओम पाठक ने श्री यतनाल के व्यवहार को भाजपा के नियमों के अनुच्छेद 25 के तहत पार्टी अनुशासन का गंभीर उल्लंघन बताया।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत
YouTube shakuntimes


केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं महराजगंज सांसद पंकज चौधरी और पनियरा विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह शकुन टाइम्स अखबार को प्रमुखता से पढ़ते हुए



आवश्यकता है
भारत के समस्त राज्यों व जिलों में अनुभवी और तेज तर्रार प्रेस रिपोर्टरों की
यदि आप में है गलत को गलत कहने की हिम्मत तो शकुन टाइम्स में आपका स्वागत है
नोट : प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया में एक साथ कार्य करने का सुनहरा अवसर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 9415052283, 9506320127
संपर्क कार्यालय : शक्तिपीठ,सारनाथ,वाराणसी (उ.प्र.) 221007